ISSN 2349-6614

अगस्त 2021

मूल्य 50 रु

# प्रत्यूष

हिन्दी मासिक पत्रिका



## सुखी और सफल दांपत्य जीवन की कामना का पर्व

# हरियाली तीज





## जयपुर में विश्व का तीसरा बड़ा क्रिकेट स्टेडियम जल्दी ही

- वैभव गहलोत, अध्यक्ष-आरसीए

प्रकाशन की तिथि प्रत्येक माह की 23 तारीख वर्ष 19 अंक 4, Postal Registration No. RJ/UD/29-62/2021-23 Posting Date: 27th-28th of Every Month RNI NO. RAJHIN/2003/9297 Posting Office: Chetak Circle, Udaipur



'प्रत्यूष' के प्रेरणा स्रोत मात श्रीमती प्रमिला देवी शर्मा एवं तात श्री आनन्दी लाल जी शर्मा
प्रत्यूष परिवार का शत्-शत् नमन चरणों में पुष्प समर्पण


प्रधान सम्पादक विष्णु शर्मा हितैषी

सम्पादक रेणु शर्मा

प्रबन्ध सम्पादक नीरज शर्मा, डॉ. वीणा शर्मा

विपणन प्रबन्धक नितेश कुमार, नन्द किशोर
मदन, भूमिका, उषा
चन्द्रप्रभा, संगीता

टाइप सेटिंग जगदीश सालवी

कम्प्यूटर ग्राफिक्स Supreme Designs
विकास सुहालका

सलाहकार मण्डल
गोपाल शर्मा (गोपजी), वैभव गहलोत
पवन खेड़ा, नीरज डागी
कुलदीप इन्दौरा, कृष्णकुमार हरितवाल
धीरज गुर्जर, अभय जैन
लालसिंह झाला, ओम शर्मा
अजय गुर्जर, आदित्य नाग
हेमन्त भागवानी, डॉ. राव कल्याण सिंह
अशोक तम्बोली, सुंदरदेवी सालवी

छायाकार :
कमल कुमावत, जितेन्द्र कुमावत,
ललित कुमावत

चीफ रिपोर्टर : उमेश शर्मा

जिला संवाददाता
बांसवाड़ा - अनुराग चेलावत
चित्तौड़गढ़ - संदीप शर्मा
नाथद्वारा - लोकेश दवे
डूंगरपुर - सारिका राज
राजसमंद - कोमल पालीवाल
जयपुर - राव संजय सिंह
मोहसिन खान



प्रत्यूष में प्रकाशित सामग्री में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं, इनसे संस्थापक-प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

सर्व विवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर होगा।





प्रत्यूष
हिन्दी मासिक पत्रिका
प्रकाशक - संस्थापक :
Pankaj Kumar Sharrma
''रक्षाबंधन'', धानमण्डी, उदयपुर-313 001


## स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं


अगस्त 2021 वर्ष 19, अंक 4


# प्रत्यूष


मूल्य 50 रू
वार्षिक 600 रू


## अंदर के पृष्ठों पर...


**पुण्य स्मरण**



विराट चेतना के प्रतीक राजीव गांधी 10

**सलाह**




मानसून में खान-पान का रखें ध्यान 20

**दृष्टिकोण**



राजस्थान : गरीब व गांव से जुड़ा शासन-प्रशासन 30

**चुनौती**



कालाधन लौटा तो नहीं, बढ़ा ज़रूर 34

**खेल-खिलाड़ी**



दस हजार रन बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर 36



कार्यालय पता : 2, 'रक्षाबन्धन' धानमण्डी, उदयपुर (राज)
दूरभाष एवं फैक्स: 0294-2427703 वाट्सएप 9414077697
मोबाइल : 94141-57703(विज्ञापन), वाट्सएप 75979-11992(समाचार-आलेख), 98290-42499(वाट्सएप), 94141-66737
Email:pankajkumarsharma2013@gmail.com, Visit us at: www.pratyushpatrika.com



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, संस्थापक, स्वामी पंकज शर्मा की ओर से मुद्रक आशीष बापना द्वारा मैसर्स पायोराइट प्रिन्ट मीडिया प्रा. लि. एम.आई.ए., उदयपुर से मुद्रित तथा 'रक्षाबन्धन' धानमण्डी उदयपुर से प्रकाशित।


Happy Independence Day
Follow Us On
Moksh India
MOKSHI
Best Appliances for Better India
Website: www.mokshiindia.com
E-mail: contact@mokshiindia.com
5-B, Nakoda Complex, Kunthu Tower, Hiran Magri, Sector-4,
Main Road, Udaipur, Ph.: 0294-2467881,
Mobile: 9829874881, 9414160881


अरिहन्त वाटिका
45,000 वर्ग फीट का हरा-भरा लॉन, आकर्षक विद्युत सज्जा
पार्किंग की पूरी व्यवस्था
मीठे पानी की सुविधा
12 कमरे व 2 हॉल उपलब्ध
मो.: 9414902400, 9414166467
सेन्ट ग्रिगोरियस स्कूल के पीछे, शनि महाराज मन्दिर के सामने, न्यू भूपालपुरा, उदयपुर

# पाकिस्तान की नई शैतानी

**आर्मेनिया-अजरबैजान** की लड़ाई में इस्तेमाल ड्रोन तकनीक अब पाकिस्तान के जरिए जम्मू-कश्मीर तक पहुंच गई है। पड़ोसी देश पाकिस्तान की जमीन पर ऐसे बहुत से ड्रोन्स आ चुके हैं। चीन ऐसे ड्रोन बनाने का मास्टर है। पाकिस्तान के लिए इनकी उपलब्धता बहुत आसान है। आतंकवादी ड्रोन्स के जरिए बायोलॉजिकल या केमिकल एजेंट्स भी डिलीवर कर सकते हैं।



जम्मू में एयर स्टेशन पर 26-27 जून की रात के बीच ड्रोन से जो दो धमाके हुए उनसे भले ही कोई बड़ा नुकसान न हुआ, लेकिन ये हमले सुरक्षा एजेंसियों के लिए बड़ी चुनौती जरूर हैं। फोरेंसिक विशेषज्ञों के अनुसार हमले में इस्तेमाल आइईडी विस्फोटक को आरडीएक्स और नाइट्रेट के मिश्रण से तैयार किया गया था। जो पहला ब्लास्ट हुआ उसमें 1.5 किलो आरडीएक्स व एक नाइट्रेट यौगिक का मिश्रण था। जबकि दूसरे में अधिक संख्या में बॉल बेयरिंग थे। दोनों हमलों का मकसद क्रमशः विमानों को नुकसान पहुंचाना व जवानों की हत्या करना था। देश में पहली बार ड्रोन के जरिए किसी सुरक्षा प्रतिष्ठान पर हमला हुआ और इसे भविष्य में किसी बड़े हमले की संभावना के रूप में भी देखा जा सकता है। पिछले कुछ वर्षों से पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन का इस्तेमाल बढ़ा है। चीन ने पाकिस्तान को काफी संख्या में ड्रोन दे रखे हैं। इनका विशेषकर इस्तेमाल जासूसी या निगरानी के लिए किया जाता है, लेकिन पाकिस्तान ड्रोन से आतंकियों को हथियार भी सप्लाई करता है। पिछले दो साल से उसकी ऐसी हरकतें रही हैं। ड्रोन से सामरिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण एयरबेस पर धमाकों ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

कश्मीर में एक अर्से से सीमापार से ड्रोन के जरिये हथियारों और नशीले पदार्थों की खेप भेजी जा रही है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को तभी सावधान हो जाना चाहिए था। चूंकि यह पहली बार है, जब किसी आतंकी हमले को ड्रोन के जरिये अंजाम दिया गया, अतएव भारत के लिए सैन्य एवं असैन्य प्रतिष्ठानों व संगठनों की सुरक्षा की समीक्षा करना ज़रूरी हो गया है। सुरक्षा एजेंसियों को न केवल और अधिक सतर्क हो जाना चाहिए, बल्कि इस तरह के हमलों के सटीक जवाब के लिए कमर भी कसनी चाहिए। उन्हें इस पर भी विचार करना चाहिए कि सुरक्षा व्यवस्था में किस खामी के चलते ड्रोन हमले से एयर बेस को निशाना बनाया गया ?

इस तथ्य की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि पठानकोट, नगरोटा, उड़ी आदि सैन्य ठिकानों पर जो भी आतंकी हमले हुए, वे सुरक्षा व्यवस्था में किसी न किसी खामी के चलते हुए। तमाम चौकसी के बाद भी आतंकी सुरक्षा में सेंध लगाने में सफल हो जाएं, यह गंभीर चिंता का विषय है। एयर बेस को निशाना बनाने वाले ड्रोन चाहे सीमा पार से आए हों या सीमा के अंदर से वे लक्ष्य के बहुत करीब तो पहुंचे ही थे। इस तरह के हवाई खतरे को पहचानने के लिए तकनीकी रूप से उन्नत सेंसर और प्लेटफॉर्म की ज़रूरत है।

हमें सुरक्षा व्यवस्था में आमूल-चूल बदलाव करना होगा। महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर ड्रोन के जरिये रात में विस्फोटक गिरना कोई बहुत दुरूह कार्य नहीं होगा। चार प्रोपेलर वाले ड्रोन बनाना मुश्किल काम नहीं है। लिहाजा सुरक्षा एजेंसियों को इनके सिग्नल व लॉन्च-स्थल को ड्रोन के उड़ते ही पहचानना और उन सिग्नलों को तोड़कर उसे गिराना जरूरी है। चूंकि ये प्लास्टिक और फैब्रिक्स से बनते हैं और इनके सिग्नल काफी नीचे होते हैं, लिहाजा ये राडार की जद में नहीं आ पाते। वैसे तो डीआरडीओ ने ऐसे संयंत्र बना लिए हैं।

सेना प्रमुख जनरल एम. एम. नरवणे के अनुसार ड्रोन खतरे से निपटने के लिए क्षमता का विकास किया जा रहा है। जम्मू के अरनिया सेक्टर में 2 व 13 जुलाई को भी 200 मीटर की ऊंचाई पर ड्रोन दिखाई दिए, जो बीएसएफ की फायरिंग के बाद भाग छूटे। इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग भवन के ऊपर भी ड्रोन को उड़ान भरते देखा गया।

हमें काफी सोच-विचार करना पड़ेगा। ताजा हमले का कोई जवाब तो हमें देना ही पड़ेगा, क्योंकि अगर हमने जवाब नहीं दिया, तो पाकिस्तान की ओर से ऐसी हरकतें बढ़ेंगी।

# महंगाई और कोरोना ने तोड़ी कमर



*रमेश सर्राफ धमोरा*

**महंगाई के बारे में हाल ही में जारी आंकड़ों के मुताबिक थोक महंगाई दर रिकार्ड 13 फीसद तक छूने लगी है। इससे खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी का सहज ही अंदाज लगाया जा सकता है। अब शायद ही कोई चीज हो, जिसकी कीमतें न बढ़ी हों। इसमें सबसे अधिक बढ़ोतरी खाद्य तेलों और ईंधन में हुई है। यह सब तब हो रहा है, जब कोरोना महामारी के कारण लोगों की कमाई कम हुई है और उन्होंने खर्च को लेकर अपने हाथ रोक रखे हैं। यानी बाजार में मांग नहीं बढ़ रही है और फिर रिजर्व बैंक ने अपनी ब्याज दरें सबसे निचले स्तर पर स्थिर कर दी हैं।**


**केन्द्र** सरकार ने हाल ही में घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी करके महंगाई से बेहाल देश की जनता को एक और झटका दिया है। पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों से देश का आम जन पहले से ही टूटा हुआ है। ऐसे में घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी आम आदमी के लिए बहुत ही दुखदायी हैं। देश में आज पेट्रोल और डीजल एक सौ रुपए से अधिक प्रति लीटर की दर पर बिक रहे हैं। ऐसे में रसोई गैस की कीमत बढ़ाना बहुत बुरा फैसला है। पिछले चौदह महीनों से लोगों को घरेल ू गैस सिलेंडर की सब्सिडी मिलना भी बंद है। तत्कालीन पेट्रोलियम एवं गैस मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने एक बयान भी दिया था कि कोरोना संकट के दौरान पेट्रोलियम पदार्थों के दामों को कम करना मुनासिब नहीं है। प्रधान का यह बयान उन मतदाताओं के साथ सरासर अन्याय है, जिन्होंने भाजपा को गरीबों की हितैषी पार्टी मानकर लगातार दो बार भारी बहुमत से केन्द्र में सरकार बनाने के लिए समर्थन दिया।

देश की जनता पिछले डेढ़ साल से लगातार कोरोना संक्रमण को झेल रही है। इस दौरान अधिकांश समय देश में लॉकडाउन लगने से लोगों को घरों में ही रहना पड़ा है। ऐसे में काम-धंधे बंद होने से आम आदमी के रोजगार के अवसर समाप्त होने से उनके आय के स्रोत बंद हो गए। जिससे आम आदमी की कमर टूट चुकी है। दिनों-दिन बढ़ती महंगाई और लगातार कम होते काम के अवसर ने देश की जनता की कमर तोड़ दी है। पेट्रोलियम पदार्थों के अलावा खाद्य पदार्थों की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी हो रही है। खाने का तेल दुगुनी दर पर बिक रहा है।

कोरोना महामारी के दौरान केन्द्र सरकार को पेट्रोलियम पदार्थों पर कस्टम एंड एक्साइज ड्यूटी से खूब कमाई हुई है। सरकार को अप्रत यक्ष कर से आने वाला राजस्व बढ़ाकर 4.51 लाख करोड़ रुपए हो गया है। वित्तीय वर्ष 20-21 में पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर 37 हजार 806.96 करोड़ रुपए कस्टम ड्यूटी वसूली गई। वहीं देश में इनके उत्पाद पर सेन्ट्रल एक्साइज ड्यूटी से 4.13 लाख करोड़ रुपए की कमाई हुई। 2019-20 में पेट्रोलियम पदार्थों के आयात पर सरकार को कस्टम ड्यूटी के रूप में 46 हजार करोड़ रुपए का राजस्व मिला था। वहीं देश में इनके उत्पाद पर सेन्ट्रल एक्साइज ड्यूटी से 2.42 लाख करोड़ रुपए की वसूली हुई। अब अगर दोनों तरह की टैक्स वसूली को देखें तो सरकारी खजाने में 2019-20 में कुल 2.88लाख करोड़ रुपए जमा हुए। महंगे पेट्रोल-डीजल से केवल आम आदमी ही नहीं बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था की हालत बिगड़ गई है। जो पहले से ही कोरोना महामारी की मार झेल रही है। केन्द्र



मुताबिक कोरोना संक्रमण के बावजूद भी सरकार का कर संग्रहण लगातार बढ़ता जा रहा है। सरकार के नुमाइंदों का कहना है कि देश की जनता को कोरोना वैक्सीन के टीके मुफ्त में लगाए जा रहे हैं। जिन पर होने वाले खर्च की भरपाई के लिए सरकार को टैक्स में बढ़ोतरी करनी पड़ रही है। मगर सरकारी सूत्रों के अनुसार ही देश के लोगों के टीकाकरण पर अधिकतम 40 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। जबकि सरकार ने कोरोना संक्रमण के बाद बढ़ाए गए टैक्स से कई लाख करोड़ रुपए का राजस्व संग्रहण किया है। केन्द्र सरकार ने पहले 20 लाख करोड़ का तथा उसके बाद सात लाख करोड़ रुपयों के राहत पैकेज की घोषणा की थी। मगर इन घोषणाओं का भी आम आदमी को विशेष लाभ नहीं मिल पा रहा है। पैसों के अभाव में लोगों से बिजली के बिल जमा नहीं हो पा रहे हैं। जिन्होंने बैंकों से लोन ले रखा है उनकी किस्तों की भरपाई नहीं हो पा रही है। ऊपर से निजी स्कूल वाले भी बिना पढ़ाई बच्चों से जबरन फीस वसूल रहे हैं। जो



गरीबों पर सीधा कुठाराघात है।

कोरोना संक्रमण के दौरान बीमार हुए लोगों को उपचार पर बहुत अधिक पैसा खर्च करना पड़ा है। जिसकी भरपाई का लोगों को कोई रास्ता नहीं दिख रहा है। लोग कर्ज में डूबे हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद कोरोना से मरने वाले लोगों को सरकारी स्तर पर कुछ मुआवजा मिलने की संभावनाएं बनी हैं। मगर अधिकांश लोगों के मृत्यु प्रमाण पत्र पर कोरोना से मौत होना दर्ज ही नहीं किया गया है। ऐसे में उन लोगों को मुआवजा मिलने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही। यदि केन्द्र सरकार चाहे तो अस्पतालों को निर्देशित कर सकती है कि जिनकी वास्तव में कोरोना से मौत हुई, उन्हें कोरोना से मौत का प्रमाण पत्र दिया जाए ताकि उनको भी मुआवजा मिल सके। देश में कोरोना की प्रथम लहर के दौरान ही सरकार ने रेल सेवा पूरी तरह से बंद कर दी थी। कई महीनों के बाद सरकार ने कुछ रेलगाड़ियां प्रारंभ की हैं। जिनमें सफर करने के लिए लोगों को पहले से अधिक किराया चुकाना पड़ रहा है। केन्द्र सरकार वर्तमान में संचालित सभी रेलगाड़ियों को स्पेशल ट्रेन के रूप में चला रही है। जिसका किराया सामान्य से काफी अधिक है। चूंकि रेलगाड़ियों में अमूमन आम आदमी यात्रा करता है जो पहले ही कोरोना के कारण आर्थिक मार से परेशान है।



## काशी विश्वनाथ कॉरिडोर

# ज्ञानवापी मस्जिद का पुरातात्विक सर्वे



**वाराणसी** में 'काशी विश्वनाथ कॉरिडोर' निर्माण के तहत विश्वनाथ मन्दिर के आसपास के मकान हटाए जा चुके हैं। इनके हटने के बाद खुली जमीन में मंदिर के ठीक बगल में खड़ी विशाल ज्ञानवापी मस्जिद अब पहले से ज्यादा साफ और बड़ी दिखने लगी है। वाराणसी की अदालत ने एक याचिका पर आदेश दिया है कि इसका पुरातात्विक सर्वे कराया जाए।

8 अप्रेल को दिया गया यह फैसला सुर्खियों में है। अदालत का यह आदेश यह पता लगाने के लिए है कि क्या मस्जिद के नीचे पहले कुछ था भी या नहीं। वाराणसी की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण(एएसआई) को ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वे का आदेश दिया। सर्वे के बाद एएसआइ को अपनी रिपोर्ट कोर्ट को सौंपनी है। इसके लिए पांच सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई है। कोर्ट ने ये आदेश उस याचिका पर दिया, जिसमें कहा गया है कि ज्ञानवापी मस्जिद जिस जगह बनी है वह मंदिर है। इसलिए हिन्दू पक्ष का कब्जा बहाल किया जाए।

**अमेरिका की मशहूर इतिहासकार डियाना एल ऐक की किताब 'बनारस द सिटी ऑफ लाइट्स' के मुताबिक भी 1828 में इस कुएं के इर्द-गिर्द एक आर्केड बनाया गया था। श्रद्धालु इसी कुएं का जल हाथों में लेकर प्रतिज्ञा लेते थे और जब घूमकर थक जाते तो इसी का शीतल पानी पीकर प्यास बुझाते। डियाना एल भी इस बात का जिक्र करती है कि इस कुएं का जिक्र स्कंद पुराण में है।**




पांच सदस्यों की कमेटी में अल्पसंख्यक समुदाय के दो लोग, एक पुरातत्व विज्ञान विशेषज्ञ और अनुभवी व्यक्ति को इस कमेटी का पर्यवेक्षक बनाया जाएगा। कमेटी जांच करेगी कि क्या मौजूदा ढांचा किसी इमारत को तोड़कर बना है या फिर इमारत में कुछ जोड़कर। कमेटी इस बात का भी पता लगाएगी कि क्या विवादित स्थल पर मस्जिद के निर्माण से पहले वहां हिन्दू समुदाय से जुड़ा कोई मंदिर कभी मौजूद था। कमेटी इस पूरे कार्य की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराएगी। कोर्ट ने उत्तरप्रदेश सरकार को इस पूरे सर्वे का खर्च उठाने का आदेश दिया है। ज्ञानवापी विवाद को लेकर हिन्दू पक्ष का कहना है कि विवादित ढांचे के नीचे 100 फीट ऊंचा आदि विश्वेश्वर का स्वयंभू ज्योतिर्लिंग है। काशी विश्वनाथ मंदिर का निर्माण करीब 2500 साल पहले महाराजा विक्रमादित्य ने करवाया था, लेकिन मुगल सम्राट औरंगजेब ने साल 1664 में मंदिर को तुड़वा दिया था। दावे में कहा गया है कि मस्जिद का निर्माण मंदिर को तोड़कर उसकी भूमि पर किया गया है जो कि अब ज्ञानवापी मस्जिद के रूप में जाना जाता है। काशी विश्वनाथ ज्ञानवापी मामले में 1991 में वाराणसी कोर्ट में मुकदमा दाखिल हुआ था। याचिका में ज्ञानवापी परिसर में पूजा की अनुमति मांगी गई। प्राचीन मूर्ति स्वयंभू भगवान विश्वेश्वर की ओर से सोमनाथ व्यास, रामरंग शर्मा और हरिहर पांडेय बतौर वादी इसमें शामिल हैं।

इतिहासकारों का मानना है कि मुगल बादशाह औरंगजेब के आदेश पर विश्वेश्वर मंदिर को ध्वस्त कर ये मस्जिद बनाई गई थी। स्थानीय लोग मस्जिद की पिछली दीवार में नजर आ रहे खंडहरों को दिखाते हैं जो मंदिर के ढांचे जैसे नजर आते हैं। मस्जिद और मौजूदा विश्वनाथ मंदिर के बीच एक दस फीट का गहरा कुआं है, जिसे ज्ञानवापी कुआं कहा जाता है। इसी कुएं के नाम पर मस्जिद का नाम पड़ा है।

याचिकाकर्ता हरिहर पांडे स्कंद पुराण का हवाला देते हुए कहते हैं कि जब धरती पर गंगा नहीं थी, मानव पानी की बूंद-बूंद के लिए तरसता था तब भगवान शिव ने स्वयं लिंगाभिषेक के लिए अपने त्रिशूल से ये कुआं बनाया था और यहीं पार्वती को ज्ञान दिया था। मस्जिद की इंतेज़ामिया समिति ने भी लंबी अदालती लड़ाई की तैयारी कर ली है। सैयद एम यासीन, अंजुमन इंतेज़ामिया मस्जिद, वाराणसी के संयुक्त सचिव हैं। ये समिति वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद के अलावा दूसरी मस्जिदों का प्रबंधन भी करती है। यासीन के पास दस्तावेजों का पुलिंदा है। वे अंग्रेजों के दौर के भूलेख निकालकर दिखाते हैं, जिनमें ज्ञानवापी परिसर मस्जिद के तौर पर दर्ज है।

('जनसत्ता' से साभार)



Happy Independence day
ठा. सा. टिकमसिंह - श्रीमती चंदाकंवर
फोन : 2584082, मो.: 9414167024
ठा. सा. गिरिराजसिंह
श्रीमती राजश्रीकंवर
ठा. सा. गोविन्दसिंह
श्रीमती मंजुकंवर
कु. सा. गगनसिंह
श्रीमती रीनाकंवर
UDAIPUR GOLDEN
TRANSPORT COMPANY
Fleet Owner's & Transport Contractor's
HEAD OFFICE :
13, Behind Central Jail,
Udaipur-313001 (Raj.)
Rao Tikam Singh S/o Late Jaswant Singh
Rao Giriraj Singh S/o Late Jaswant Singh
Rao Govind Singh S/o Late Jaswant Singh
Village : Sagwardiya, Dist. Banswara (Raj.)

# विराट चेतना के प्रतीक राजीव गांधी



**जन्म :**
**20 अगस्त 1944**

**निधन :**
**21 मई 1991**

*पंकज कुमार शर्मा*

महात्मा गांधी के स्वप्न के भारत के निर्माण की अनुगूंज के साथ गुलामी की बेड़ियां तोड़ प्रस्फुटित हुआ भारतीय लोकतंत्र आरंभिक 37 वर्षों में पं. जवाहरलाल नेहरू, आचार्य विनोबा भावे, सरदार पटेल, लालबहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी और जयप्रकाश नारायण जैसे प्रणेताओं के आभामंडल के साये में पला बढ़ा। सैंतीस वर्ष बाद देश के सबसे कठिन क्षणों में राष्ट्र की बागडोर नौजवान राजीव के हाथों में आई। जिनका शालीन व्यक्तित्व तब सियासत की पथरीली और छलावा भरी पगडंडी के लिए माकूल नहीं माना गया। उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री की शपथ एक ऐसे मोड़ पर ली, जब उनकी मां और तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी अपने ही घर में आतंकवाद के दंश का शिकार हुई और 'दिल्ली' जल उठी। खुशहाल भारत के स्वप्नदृष्टा राजीव गांधी ने देश की सबसे कठिन घड़ियों में देश का भरोसा पुन: जगाने का बीड़ा उठाया और आगे बढ़े। उनके साथ ही आगे बढ़ा, भारत के भविष्य का सपना। इस देश ने युवा भारत की अंगड़ाई को पहली बार महसूस किया, कम्प्यूटर क्रांति के रूप में एक ऐसी क्रांति जिसने भारत के घर-घर की कहानी बदल डाली और आम हिन्दुस्तानी नौजवान ई-वर्ल्ड को फतह करने निकल पड़ा। देश के गांव, घर-गली, टेलीफोन की घंटियों से गूंज उठे और पंचायतों की ताकत भारतीय लोकतंत्र ने शिद्दत से महसूस की। यह सब आजाद भारत की अद्भुत घटना थी। परिवर्तन की इस यात्रा में निकला देश का नौजवान प्रधानमंत्री शिक्षा को रोजगार से जोड़ने के साथ युवाओं को अठारह वर्ष पर मताधिकार देने का फैसला लेकर आया। इस नौजवान ने पंजाब और असम में शांति समझौतों की नींव रखी और रावी-व्यास से ब्रह्मपुत्र तक की नदियां अमन के संगीत से थिरक उठी। धाराओं का रूख बदलने को आमादा राजीवजी की आवाज पूरे विश्व में सुनी गई। दिसम्बर 1984 में हुए मध्यावधि चुनाव में राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस को शानदार सफलता मिली। संसद में तीन चौथाई बहुमत से वे सरकार बनाने में कामयाब हुए और एक सशक्त प्रधानमंत्री की छाप छोड़ी। भारतीय राजनीति में राजीव आधुनिकता एवं युवा आकांक्षा के प्रतीक थे। अपने प्रधानमंत्रित्व काल में उनकी साफ सुथरी छवि, ईमानदारी, स्पष्टवादिता का काफी प्रभाव पड़ा। उन्होंने पंजाब, मिजोरम, असम की वर्षों से चली आ रही समस्याओं को निपटाने में गहरी दिलचस्पी ली और समाधान का मार्ग प्रशस्त किया। राजीव विराट चेतना के प्रतीक थे। उनका व्यक्तित्व बेहद आकर्षक था। उनमें अहंकार की भावना लेश मात्र नहीं थी। उन्होंने राजनीति में सफलता और असफलता दोनों ही देखी फिर भी धैर्य रखते हुए कठिन परिस्थितियों का सामना किया। उनका सपना था कि भारत विज्ञान, टेक्नोलॉजी, औद्योगिक क्षेत्र में ज्यादा मजबूत बनकर विश्व में अपना स्थान बनाए, इसके लिए वे सतत प्रयत्नशील रहे। अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दों पर उनकी जबरदस्त पकड़ थी उन्होंने छह देशों की पहल पर परमाणु मुक्त विश्व जैसे अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दों की अगुवाई की। श्रीलंका में शांति सेना भेजने का उन्होंने महत्वपूर्ण फैसला लिया था। राजीव गांधी का खेलों और खिलाड़ियों को सदा प्रोत्साहन मिला। कैम्ब्रिज के दिनों में वे अच्छे खिलाड़ी थे। 21 मई 1991 में दक्षिण भारत के पैरम्बदूर में आतंकवाद की अन्तर्राष्ट्रीय साजिश का शिकार नहीं होते तो निश्चित ही भारत और अधिक सशक्त और समृद्ध हुआ होता।



प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी का मानना था कि देश की उन्नति, एकता और अखण्डता के लिए जरूरी है कि सभी लोग एक-दूसरे की भावनाओं तथा मान्यताओं का सम्मान करें। युवाओं को राजीव जी जैसे महान व्यक्तित्व से प्रेरणा लेनी चाहिए। उनकी मानवतावादी सोच को आत्मसात करके ही भारत विश्व में सफलता के नए शिखर पर पहुंच सकता है। वे चाहते थे कि भारत एक विकसित और सभी मामलों में आत्मनिर्भर राष्ट्र बने। राजीव गांधी ने ही नए भारत के निर्माण की नींव रखी और इसके लिए उन्होंने अपने शासनकाल में अनेक सामाजिक और आर्थिक सुधार लागू किए। उन्होंने 80 के दशक में ही टेक्नोलॉजी को मिशन बनाकर काम किया। उसी का परिणाम है कि भारत आज डिजिटल क्रांति के युग में दुनिया में अपना विशेष स्थान रखता है। भारत में मोबाइल फोन इन्टरनेट, कम्प्यूटर सभी राजीवजी की ही देन है। उन्होंने ही 18 साल के युवाओं को मतदान का अधिकार दिलाया। वे कहते थे कि युवा सशक्त होंगे तभी राष्ट्र सशक्त होगा।

***- अशोक गहलोत***

Happy Independence Day


**Mahesh Chandra Sharma**
*Director*

# Lakecity Buildtech Pvt. Ltd.



Office : 3rd Floor, 2-B, Hazareshwar Colony, Court Road, Udaipur-313 001
Residence : "Kaustubh", 1A, Navratna-Modern Link Road, Udaipur-313 001
(M) +91 9829040569 (O) +91 294- 2413003 (R) +91 294 2980030
E-mail : mcsharma.lakecitybuildtech@gmail.com

# शहादत याद रही, उसूल भूल गए



**साइमन कमीशन के भारत आगमन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले लाल लाजपतराय के बलिदान ने देश के स्वतंत्रता आन्दोलन में प्राण फूंक दिए और भगत सिंह जैसे जांबाज युवाओं ने उनकी विरासत को संभाला। इन जैसे ही अनेक क्रान्तिकारियों-नेताओं की बदौलत भारत को स्वतंत्रता का सूर्य नसीब हुआ। देश को स्वतंत्र हुए 74 वर्ष हो रहे हैं, लेकिन अफसोस है कि हम स्वराज के पुरोधाओं की शहादत को तो याद रखते हैं, किन्तु उनके उसूलों और आदर्शों को भूल रहे हैं। स्वतंत्रता की इस वर्षगांठ पर उन्हें नमन के साथ संकल्प लें कि हम हर हाल में देश की एकता, अखण्डता और स्वतंत्रता को आंच नहीं आने देंगे।**

*गोपाल कृष्ण शर्मा*

**साइमन** कमीशन के भारत आगमन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जान देने वाले लाला लाजपत राय के बलिदान ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन में प्राण फूंक दिए और भगत सिंह जैसे जांबाज युवाओं ने उनकी विरासत को संभाला। लालाजी ने गरम दल की विचारधारा के साथ स्वतंत्रता आन्दोलन में कदम रखे लेकिन अहिंसा के रास्ते से कभी अलग नहीं हुए। दरअसल स्वतंत्रता आंदोलन में कांग्रेस नरम दल और गरम दल में बंटी हुई थी। दोनों के बीच स्वतंत्रता आन्दोलन के प्रति अपनाए जाने वाले तौर-तरीकों को लेकर मतभिन्नता थी। कांग्रेस के नेता ब्रिटिश सरकार के खिलाफ संघर्ष के अलावा आपस में जूझ रहे थे। उसी दौरान लाला लाजपत राय नए साहस के साथ स्वतंत्रता संग्राम में उभरे। वे बाल गंगाधर तिलक और विपिनचंद्र पाल के साथ लाल-बाल-पाल के त्रिकोण के मजबूत स्तंभ थे। लाला लाजपत राय को शुरू में नरम दल की नीति पसंद नहीं थी और वे अपनी मांग मनवाने के लिए उग्र उपाय आजमाने में विश्वास रखते थे, लेकिन अहिंसा के सिद्धांत पर उनका भरोसा सदा कायम रहा। पंजाब केसरी के नाम से लोकप्रिय लाला लाजपतराय का जन्म मौजूदा मोगा जिले के ढुडिके गांव में 28 जनवरी, 1865 को हुआ। उनके पिता मुंशी राधा किशन उर्दू और फारसी के प्रकांड विद्वान थे और उनकी मां गुलाबी देवी धर्मपरायण महिला थी। स्कूली शिक्षा के बाद लाला लाजपत राय ने विधि की पढ़ाई के लिए 1880 में लाहौर में सरकारी कॉलेज में दाखिला लिया और 1885 में अपनी पढ़ाई पूरी की। उन्होंने रोहतक आकर अपनी

**लाल-बाल-पाल**



वकालत शुरू की और बाद में हिसार आ गए। लाला लाजपत राय कांग्रेस की बैठकों में शामिल होने लगे और हिसार-रोहतक क्षेत्र में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बन गए। वे 1892 में लाहौर चले गए। उन्होंने 1897 से 1899 के बीच सूखा राहत कोशिशों में अथक योगदान दिया। लालाजी ने सुरेन्द्रनाथ बनर्जी और विपिन चन्द्र पाल के साथ मिलकर बंगाल में स्वतंत्रता संग्राम और स्वदेशी आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लाला लाजपत राय को रावलपिंडी में अशांति खड़ा फैलाने के आरोप में तीन मई, 1907 को गिरफ्तार कर लिया गया। छह महीने तक मांडले जेल में रखा गया। ग्यारह नवम्बर, 1907 को जेल से रिहा कर दिया गया। विदेशों में स्वतंत्रता आंदोलन का अलख जगाने के लिए अप्रैल 1914 में ब्रिटेन चले गए। प्रथम विश्व युद्ध की वजह से नहीं लौट पाने पर वह अमेरिका चले गए और स्वतंत्रता आंदोलन के पक्ष में वातावरण तैयार करने के लिए इंडियन होम रूल लीग ऑफ अमेरिका की स्थापना की। उन्होंने ब्रिटिश सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए एक पुस्तक लिखी लेकिन ब्रिटिश सरकार ने प्रकाशन से पहले ही उसे प्रतिबंधित कर दिया। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद वे 1920 में भारत लौटे। भारत लौटने के बाद लाला लाजपत राय ने जलियांवाला बाग नरसंहार के खिलाफ और असहयोग आन्दोलन के सिलसिले में पंजाब में प्रदर्शनों की अगुआई की। उन्हें कई बार गिरफ्तार किया गया। वे चौरा चौरी कांड की वजह से गांधी जी के असहयोग आन्दोलन वापस लेने से असहमत थे। उन्होंने कांग्रेस इंडेपेनडेंस पार्टी का गठन किया। लाला लाजपतराय ने इन आंदोलनों में पंजाबी समाज के हितों की रक्षा की पूरी कोशिश की। ब्रिटिश सरकार ने 1928 में संवैधानिक सुधारों पर चर्चा के लिए साइमन आयोग भारत भेजने का फैसला किया। आयोग में कोई भी भारतीय प्रतिनिधि नहीं था जिससे भारतीय नाराज हो गए। आयोग जब भारत आया तब पूरे देश में आयोग का जबर्दस्त विरोध हुआ। लाला लाजपत राय ने भी उनमें से एक विरोध प्रदर्शन की अगुआई की। हालांकि प्रदर्शन शांतिपूर्ण था, लेकिन ब्रिटिश सरकार ने लाठीचार्ज करवाया। लालाजी को गहरी चोट लगी और वे 17 नवम्बर, 1928 को चल बसे।





## नहीं किया आदर्शों से समझौता



**भगत सिंह उसूलों पर टिके रहने और खुद को बदलने की अपने में विरल ताकत रखते थे। अपनी फांसी(23 मार्च 1931)के कुछ दिनों पूर्व उन्होंने 'मैं नास्तिक क्यों हूं' लिखा था। जब वह इसे लिख रहे थे, तब उन्हें पता था कि जीवन के चंद दिन ही अब उनके पास शेष हैं। मौत के इतने करीब होने पर मजबूत से मजबूत इंसान भी कमजोर हो जाता है और ईश्वर की ओर झुक जाता है। मगर भगत सिंह अपने विचारों पर अडिग रहे।**

*मृदुला मुखर्जी*

**भगत** सिंह को गुजरे नौ दशक बीत चुके हैं। महज 23 वर्ष की उम्र में अपने लिए मौत चुनने वाला यह नौजवान अपने विचारों और दर्शन के जरिए आज भी हमारे दिलो-दिमाग में जिंदा है। पंजाब के लायलपुर जिले के बंगा गांव(जो अब पाकिस्तान में) में 28 सितम्बर 1907 को जन्मे भगत सिंह ताउम्र सांप्रदायिक शक्तियों के खिलाफ रहे। सन् 1928 में पंजाब में जब उन्होंने नौजवान भारत सभा का गठन किया, तो उसकी सदस्यता की जरूरी शर्त रखी थी - 'धार्मिक-सम्प्रदायिक संगठनों से दूरी'। भगत सिंह सांप्रदायिकता को राष्ट्रवाद और तत्कालीन राष्ट्रीय आंदोलनों के लिए बड़ी बाधा मानते थे। वह बराबर कहा करते थे कि सांप्रदायिकता उतना ही बड़ा खतरा है, जितना कि साम्राज्यवाद। इसका अर्थ यह नहीं कि भगत सिंह धर्म के खिलाफ थे। वह अंधविश्वास के खिलाफ थे। वह लाला लाजपत राय की बहुत इज्जत करते थे। यहां तक कि जब साइमन कमीशन के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन में लालाजी जख्मी हुए और बाद में उनकी जान चली गई, तो भगत सिंह ने खुद उनकी मौत का बदला लिया। मगर इस हादसे से चंद महीने पहले जब उन्होंने महसूस किया लाजपत राय की सोच किसी खास विचारधारा की तरफ झुक रही है, तो भगत सिंह ने उन्हें भी नहीं बख्शा, साफ शब्दों में उन्होंने उनके विचारों से असहमति व्यक्त की। भगत सिंह उसूलों पर टिके रहने और खुद को



बदलने, दोनों की विरल ताकत रखते थे। अपनी फांसी(23 मार्च 1931)के कुछ दिनों पूर्व उन्होंने 'मैं नास्तिक क्यों हूं' लिखा था। जब वह इसे लिख रहे थे, तब उन्हें पता था कि जीवन के चंद दिन ही अब उनके पास शेष बचे हैं। मौत के इतने करीब होने पर मजबूत से मजबूत इंसान भी कमजोर हो जाता है और ईश्वर की ओर झुक जाता है। मगर भगत सिंह अपने विचारों पर अडिग रहे। मगर वहीं, उन्होंने उस 'इंडिविजुअल टेररिज्म' की आलोचना भी खूब की, जिसका नायक आज कई जगह उन्हें बताया जाता है। उनका मानना था कि चंद लोगों के हथियार उठा लेने या बम आदि फेंकने से क्रांति नहीं होती। यह सपना तभी पूरा होगा, जब वह जनता के बीच से होगी। अपनी छोटी सी उम्र में ही उन्होंने इतना कुछ पढ़ा और देखा कि उनकी सोच लगातार निखरती और विकसित होती गई। 13 साल की उम्र में वह असहयोग आन्दोलन में शामिल हुए, फिर क्रांतिकारी सोच से प्रभावित हुए, बाद में मार्क्सवाद अपनाया और फिर लगातार वैचारिक तौर पर आगे बढ़ते चले गए। 23 साल की पूरी जिंदगी में विचारों का यह विस्तार किसी और में भला कहां दिखता है। हाल के वर्षों में स्वाधीनता संग्राम के नायकों को आमने-सामने रखने का चलन बढ़ा है। भगत सिंह को भी महात्मा गांधी के बरअक्स खड़ा करने की कोशिश की जाती है। मगर इस तरह का विश्लेषण हमें कहीं नहीं ले जाता। पूछा यह भी जाता है कि गांधीजी ने भगत सिंह की जान क्यों नहीं बचाई? तमाम ऐसे दस्तावेज मौजूद हैं, जो साबित करते हैं कि महात्मा गांधी ने भगत सिंह के लिए तत्कालीन वायसराय से कई बार अपील की थी। तुलना करने वाले वीरों को समझना चाहिए कि आजादी की जंग के हमारे हर नायक का अपना-अपना योगदान है और सबकी अपनी-अपनी लोकप्रियता। सवाल ही करना है, तो यह होना चाहिए कि भगत सिंह जिस समाज के लिए लड़ते रहे, उनका वह सपना आज इतने वर्षों बाद भी कितना साकार हो पाया है?

भगत सिंह राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक यानी सभी तरह के शोषण के खिलाफ थे। इस लिहाज से क्या आज हम यह कहने की स्थिति में हैं कि हमने तमाम शोषणकारी व्यवस्थाएं समाप्त कर दी हैं? जवाब जाहिर तौर पर 'नहीं' है, इसलिए बहस विचारों पर होनी चाहिए, शख्सियत पर नहीं।



# गहलोत सरकार का तोहफा
# जयपुर में विश्व का तीसरा बड़ा क्रिकेट स्टेडियम

*उमेश शर्मा*

**भारत** के क्रिकेट जगत को राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार सन् 2023 में दुनिया के तीसरे सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम का तोहफा देगी। यह जयपुर में दिल्ली रोड पर चौंप गांव में बनेगा। करीब सौ एकड़ में बनने वाले स्टेडियम का ढाई से पौने तीन साल में निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। इस स्टेडियम के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त गौरव गोयल ने 2 जुलाई को राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव गहलोत को आवंटित जमीन का पट्टा सौंप दिया। स्टेडियम में 11 पिच बनेंगी। मुख्य स्टेडियम के अलावा 2 अन्य प्रैक्टिस ग्राउंड, क्लब हाउस, जिम, खिलाड़ियों के ठहराव की व्यवस्था के साथ 250 सीट का प्रेस कॉन्फ्रेंस हॉल बनेगा।

चौंप में 75000 दर्शक क्षमता वाला यह स्टेडियम नरेन्द्र मोदी स्टेडियम (मोटेरा) गुजरात और मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया) के बाद दुनिया का तीसरा और भारत का दूसरा बड़ा स्टेडियम होगा। पहले चरण में 40 हजार व दूसरे चरण में 35 हजार दर्शक क्षमता विकसित की जाएगी। चौंप में बनने वाले इस मेगा स्टेडियम से कोटा, अजमेर, दौसा, दिल्ली व आसपास शहरों-इलाकों का जुड़ाव रहेगा। इन शहरों के दर्शक आसानी से स्टेडियम तक पहुंच सकेंगे। स्टेडियम के प्रथम चरण निर्माण पर 300-350 करोड़ रु. खर्च होंगे। बीसीसीआइ से 100 करोड़ रुपए अनुदान के रूप में प्राप्त होंगे।

वैभव गहलोत ने बताया कि आरसीए 100



| यह है मानक | | | |
|---|---|---|---|
| | **स्टेडियम के लिए आइसीसी के मानक** 137 × 128 मीटर | **मोटेरा क्रिकेट स्टेडियम** 166.90 × 141.25 मी. | **मेलबोर्न क्रिकेट ग्राउंड** 171 × 146 मीटर |
| | **आरसीए क्रिकेट स्टेडियम, चौंप** 191.23 × 154.36 | **दर्शक क्षमता** मोटेरा 1,10,000 | **मेलबोर्न क्रिकेट ग्राउंड** 1,00,024 |

करोड़ रुपए का ऋण लेगा तथा शेष राशि कॉर्पोरेट बॉक्स और पेवेलियन के ज़रिए जुटाई जाएगी। दोनों ही चरणों के निर्माण पर कुल 700 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

## उदयपुर में भी बनेगा

**जयपुर** में स्टेडियम के लिए जमीन आवंटित होने के बाद आरसीए का पूरा फोकस उदयपुर पर है। स्टेडियम के लिए कानपुर खेड़ा में आवंटित जमीन को नगर विकास प्रन्यास से जल्दी ही लीज डीड मिल जाएगी। यूआईटी को 2011 से अब तक आरसीए करीब 6 करोड़ रुपए की राशि जमा करवा चुका है। आरसीए के सचिव महेन्द्र शर्मा के अनुसार अध्यक्ष वैभव गहलोत के प्रयत्नों से जमीन आवंटन के बाद अब स्टेडियम का निर्माण कार्य पीपीपी मोड पर जल्दी ही शुरू होगा। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम निर्माण पर करीब 200 करोड़ रुपए खर्च होंगे और यह 11.50 हेक्टेयर क्षेत्र में सभी सुविधाओं के साथ 35 हजार दर्शक क्षमता वाला होगा।



आरसीए की नई कार्यकारिणी ने जो सपना देखा था, उसे पूरा करने की दिशा में यह पहला कदम है। जयपुर स्टेडियम निर्माण के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भी 100 करोड़ का अनुदान देने की सहमति दी है। टेंडर डॉक्यूमेंट की प्रक्रिया शीघ्र शुरू होगी।

**- वैभव गहलोत,**
**अध्यक्ष आरसीए**

डॉ. अजय सिंह चुण्डावत
M.B.B.S., M.D.
एनेस्थिसियोलोजिस्ट

डॉ. (श्रीमती) कौशल चुण्डावत
M.B.B.S., DGO
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
गायनिक, सोनोलोजिस्ट



# संजीवनी हॉस्पीटल

50 बेड का मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पीटल आधुनिक मोड्यूलर ऑपरेशन थियेटर एवं सभी आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित प्रसूति कक्ष

*साधारण, हाई रिस्क डिलीवरी, गर्भाशय का ऑपरेशन, सिजेरियन डिलीवरी, निसंतानता का निवारण, गर्भवती एवं समस्त प्रकार की स्त्री रोगों की नियमित जांच व इलाज*

**पाठों की मगरी, सेवाश्रम चौराहा, उदयपुर (राजस्थान)**

मोबाइल नं :- 9829934770

अपोईन्मेन्ट एवं पूछताछ के लिए सम्पर्क करें हेल्पलाइन :- 9829934770

Email:sanjivanihospitaludaipur@gmail.com
admin@sanjivanihospitaludaipur.org
Website : www.sanjivanihospitaludaipur.org

## जोधपुर में लगे पोस्टर में वसुंधरा की एंट्री, पूनिया आउट

## भाजपा में घमासान

# वसुंधरा है कि मानती ही नहीं....

*दुर्गाशंकर मेनारिया*

**नवजोत सिंह सिद्धू की प्रदेश अध्यक्ष पद ताजपोशी से पंजाब में कांग्रेस संगठन व सत्ता में चला लम्बा विवाद लगभग खत्म हो गया है, राजस्थान में एक वर्ष से उलझी गुत्थी को सुलझाने में कांग्रेस के महारथी सक्रिय हैं। इसी बीच प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सतीश पूनिया व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के बीच खिंची तलवारों को म्यानों में रखवाना भाजपा आलाकमान के लिए बड़ा सिरदर्द बन गया है।**



**अगले** साल कुछ राज्यों में चुनाव को देखते हुए भाजपा में हाशिए पर ढकेले गए नेता आलाकमान पर दबाव बनाने को लेकर काफी सक्रिय हैं। इनमें वे नेता भी शामिल हैं, जिनके गृह राज्यों के चुनाव में अभी तीन साल बाकी हैं, लेकिन वे अगले साल कुछ राज्यों में होने वाले चुनावों से पहले ही अपने सिर पर आलाकमान का वरदहस्त चाहते हैं। वे परोक्ष रूप से केन्द्रीय नेताओं को पार्टी की फज़ीहत का संदेश भी दे रहे हैं। राजस्थान में घमासान अन्य राज्यों की अपेक्षा चरम की ओर बढ़ता दिख रहा है। सतीश पूनिया को प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त करने के साथ ही केन्द्र ने वसुंधरा राजे को यह साफ संदेश दिया था कि वे राजस्थान में तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने का ख्वाब न पालें और वहां से बोरिया-बिस्तर समेट लें। यदि वे ऐसा करती हैं तो उनके पुनर्वास का कोई न कोई प्रबंध किया जाएगा, किन्तु वसुंधरा है कि मानती ही नहीं। उन्होंने अपने समर्थकों के माध्यम से सतीश पूनिया की नाक में दम कर आलाकमान को स्पष्ट कर दिया है कि वे आसानी से किसी और को राजस्थान में मुख्यमंत्री नहीं बनने देंगी। उन्होंने केन्द्र को इशारों-इशारों में यह तक बता दिया कि यदि उन्हें मुख्यमंत्री बनाने का भरोसा दिया जाए तो वे कमाल कर सकती हैं, जो पूनिया एण्ड पार्टी पूरा जोर लगाने के बावजूद संभव नहीं कर सकी। शायद वे मध्यप्रदेश की तर्ज़ पर राजस्थान में कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार को गिराने का संकेत करती हैं। लेकिन नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया और उपनेता राजेन्द्र राठौड़ के बयानों से भी लगता है कि वे अब राजस्थान में वसुंधरा मुक्त भाजपा शासन के हामी हैं। अतएव वे केन्द्र को उनके दबाव में न आने का अपना पक्ष बता चुके हैं। दूसरी और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तो जन्मजात ही जादूगर हैं, वे वसुंधरा और भाजपा के खेल को पिछले साल ही जब उनकी पार्टी में अपनों ही की हलचल हुई तो, हवा का रूख जान चुके थे। बड़ा चतुराई से उन्होंने उसका ऐसा तीया-पांचा किया कि अब उस खेल का कोई भी खिलाड़ी मैदान में आने से ही घबराने लगा है।

वसुंधरा के समर्थकों ने वसुंधरा राजे समर्थक मंच बनाया तो पूनिया और उनके समर्थकों ने उन पर समानान्तर संगठन खड़ा करने का आरोप मढ़ दिया। पूर्व मंत्री रोहिताश्व शर्मा, वसुंधरा के समर्थन में खुल कर मैदान में उतरे तो उन्हेंछह साल के लिए पार्टी के बाहर कर दिया गया। प्रदेश इकाई की इस कार्रवाई से वसुंधरा राजे और अधिक गुस्से में हैं। उन्होंने तेवर तीखे कर बता दिया है कि न वे किसी की परवाह करती हैं और न उन्हें अपने घर से बेदखल करने की किसी में हिम्मत है।


रोहिताश्व शर्मा ने प्रदेश इकाई को निशाने पर लेते हुए कहा कि जिस तरह केन्द्र में कांग्रेस विपक्ष की भूमिका का ठीक से निर्वाह नहीं कर पाई है, वैसी ही स्थिति राजस्थान में भाजपा की है। उन्होंने तो यहां तक कह दिया कि वसुंधरा के कद वाला राजस्थान में भाजपा के पास कोई नेता है ही नहीं। महाराष्ट्र और प. बंगाल में यदि कोई असरदार प्रांतीय नेता रहा होता तो भाजपा को हार का स्वाद न चखना पड़ता। रोहिताश्व ने तो एक तरह से चुनौती ही दे डाली कि यदि 2023 के विधानसभा चुनाव में राजस्थान को जीतना है तो वसुंधरा को ही मुख्यमंत्री का चेहरा बनाना होगा। उत्तरप्रदेश में केशव प्रसाद मौर्य और योगी आदित्यनाथ की अन्दरूनी खींचतान पर फिलहाल संघ नेतृत्व के दखल से विराम लगा है, किन्तु राजस्थान में मचे घमासान का जल्दी ही पटाक्षेप होता दिख नहीं रहा। हालांकि नेताओं की दिल्ली-जयपुर के बीच दौड़ जारी है। ऊंट किस करवट बैठेगा, पता नहीं।

वसुंधरा समर्थकों और विरोधियों के बीच विभाजक रेखा का खिंचना जोधपुर से आरंभ हो चुका हैं, जहां पिछले दिनों पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सी.टी. रवि के आगमन पर लगे फ्लेक्स से सतीश पूनिया का नाम और फोटो ही गायब था।

Khiv Singh Rajpurohit
(Managing Director)
94141-04766

# BKMGPL

*All Kinds of Marble and Granite Block, Slabs & Tiles*





## BALAJI KRIPA MARBLE & GRANITE PVT. LTD.

398-399, Sukher Industrial Area, Sukher, Udaipur (Rajasthan) India
Phone : +91-294-2442370, Fax : +91-294-2441773
e-mail: balajikripa.udr@gmail.com

Suyog Mattha

*Happy Independence day*

## Shree Matta Fabrication Works



Automation System For Rolling Shutter, Gates, Doors and Barriers

*17-B, Surbhi Vihar, I/s Keshav Nagar, Udaipur (Raj.)*
*Mobile: 9414158875, 9414168935*
*E-mail: smatthafabrications@gmail.com*

# अनंत यात्रा पर दिलीप कुमार



**अभिनय के आसमान में दिलीप कुमार ध्रुव तारे के समान हैं। संसार में ऐसे अभिनेता कम हुए हैं, जिन्होंने जीवन पर्यंत 'एक वक्त पर एक फिल्म' के उसूल पर चलने का साहस किया हो। जीवंत अभिनय के कारण दिलीप कुमार को अभिनय का बेताज बादशाह माना जाता है। व्यक्तित्व ऐसा आकर्षक कि देखने वाला एकटक देखता रह जाए। अभिनय ऐसा कि सीधे दिल में समा जाए। बातों में सादगी ऐसी कि सुनने से जी न भरे। आभामंडल ऐसा कि कोई भी प्रभावित हुए बिना न रहे। उनके जाने से एक असाधारण अभिनेता ही नहीं, एक युग का अवसान हो गया।**

*भगवान सोनी*

**हिन्दी** सिनेमा में साढ़े पांच दशकों से जल रही अभिनय की मशाल 7 जुलाई की सुबह बुझ गई। अपनी लाजवाब अदाकारी से भारतीय सिनेमा, सिनेमा कलाकारों और दर्शकों के दिलों में अमिट छाप छोड़ने वाले दिग्गज अभिनेता दिलीप कुमार(मोहम्मद यूसुफ खान) का लम्बी बीमारी के बाद मुंबई के हिन्दुजा अस्पताल में निधन हो गया।

हिन्दी फिल्म जगत में 'ट्रेजेडी किंग' के नाम से मशहूर दिलीप कुमार 98 वर्ष के थे। वह 29 जून से हिन्दुजा अस्पताल की गैर-कोविड गहन चिकित्सा इकाई(आईसीयू) में भर्ती थे।

राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार के प्रोटोकॉल के अनुसार कुमार की पार्थिव देह को उनके पाली हिल स्थित आवास पर तिरंगे में लपेटा गया और फिर उनका जनाजा कब्रिस्तान ले जाया गया। जहां पार्थिव देह को सुपर्दे ख़ाक किया गया। पत्नी सायरा बानो ने कब्रिस्तान पहुंच कर उन्हें सजल नेत्रों से अलविदा कहा।

उनका जन्म 11 दिसम्बर 1922 को पेशावर में हुआ था। राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने दिलीप कुमार के निधन पर शोक जताते हुए कहा, 'उनके आकर्षण ने सभी सीमाओं को पार किया और पूरे उपमहाद्वीप में उन्हें प्यार मिला। उनके निधन से एक युग का अंत हो गया। दिलीप साहब भारत के



दिल में हमेशा जिंदा रहेंगे।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट किया, 'दिलीप कुमार अद्वितीय प्रतिभा के धनी थे और इस वजह से सभी पीढ़ियों के दर्शकों के चहेते थे। उनका निधन हमारी सांस्कृतिक दुनिया के लिए नुकसान है।' लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे समेत कई राजनीतिक हस्तियों व नामी फिल्मी सितारों ने भी मशहूर अभिनेता के निधन पर श्रद्धांजलि दी।

दिलीप कुमार ने 1944 में जब अपनी अभिनय यात्रा शुरू की थी, तब 'टॉकीज' यानी बोलती फिल्मों का दौर शुरू हुए एक दशक से थोड़ा ही ज्यादा समय हुआ था। तब फिल्मों पर पारसी थियेटर का बहुत ज्यादा प्रभाव था। अभिनेता बहुत

## सुहाना सफर

**असली नाम** : मोहम्मद यूसुफ खान
साहित्यकार भगवती चरण वर्मा की सलाह पर देविका रानी ने दिलीप कुमार नाम दिया

**जन्म** : 11 दिसम्बर 1922 को पेशावर (अब पाकिस्तान में)

**पहली फिल्म** : ज्वार भाटा(1944)

आखिरी फिल्म : किला(1998)

**शादी** : 11 अक्टूबर, 1966 को सायरा बानो से।

**तीस मई,** 1981 को अस्मा बेगम से दूसरी शादी और 22 जून, 1983 को उनसे तलाक।

**सम्मान**

1991 में पद्मभूषण, 1994 में फाल्के अवॉर्ड, 2015 में पद्म विभूषण। 2000 में राजीव गांधी सद्भावना अवॉर्ड। 1998 में पाकिस्तान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'निशान-ए-इम्तियाज'।

**फिल्म फेयर अवॉर्ड**

सर्वश्रेष्ठ अभिनेता

1953 दाग, 1955 आजाद, 1956 देवदास, 1957 नया दौर, 1960 कोहिनूर, 1964 लीडर, 1967 राम और श्याम, 1982 शक्ति।

'लाउड' अभिनय करते थे। इन सबके बीच दिलीप कुमार ने एक अलग शैली विकसित की। संतुलित और सधी आवाज में ठहराव के साथ संवादों की अदायगी की। ऑस्कर से सम्मानित फिल्मकार सत्यजीत रे ने उन्हें सर्वश्रेष्ठ मेथड अभिनेता कहा था।

दिलीप कुमार की अभिनय शैली इतनी असरदार थी कि उनके बाद की पीढ़ी के सुपरस्टार भी उनसे प्रभावित हुए बिना नहीं रह सके। दिलीप कुमार को अभिनय का स्कूल कहा जाता था। इस स्कूल से कई लोगों ने सबक सीखें। राजेन्द्र कुमार के अभिनय में भी उनकी झलक मिलती थी। 70 के दशक में जब एंग्री यंग मैन का उदय हो रहा था, तो अमिताभ बच्चन के हाव-भाव देख लोगों को दिलीप साहब की याद आती थी। खासकर कॉमेडी दृश्यों में तो अमिताभ को उनके अंदाज की नकल करते आसानी से देखा जा सकता है।

दिलीप कुमार की काबिलियत कभी सरकारी तमगों या सिफारिशों की मोहताज नहीं रही। अपने व्यक्तित्व को इश्तेहार ना बनने देने के लिए उन्होंने सैकड़ों विज्ञापनों के प्रस्ताव ठुकरा दिए। 'जीवन बीमा निगम' के विज्ञापन के लिए उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के प्रस्ताव को भी अस्वीकार कर दिया था। दूसरी तरफ, दृष्टिहीनों की सेवा के लिए उन्होंने कई सालों तक कई बार सार्वजनिक मंचों पर जाकर चंदा इकट्ठा करने का कार्य किया।


राजकपूर और देवानंद के साथ दिलीप कुमार

दिलीप कुमार की बहुमुखी प्रतिभा का आधार उनकी सजग मानवीयता और करुणा ही थी। इसीलिए उन्होंने जो किरदार किए उन्हें कोई और नामचीन कलाकार उतनी सहजता के साथ अदा नहीं कर पाता, जितनी आसानी से उन्होंने किया था। अफसोस, संवाद की दुनिया का ऐसा अनूठा और दिलेर शख्स जीवन के अंतिम पड़ाव में कई साल तक याददाश्त से वंचित रहा। लेकिन ये तय है कि विश्व के फिल्म इतिहास में दिलीप कुमार का नाम बहुत आदर व श्रद्धा से लिया जाएगा।


GMS
Since 1976

*Happy Independence day*

**Hitesh Gandhi**
Managing Partner

# GUJARAT MACHINERY STORES

**Auth. Distributors For:**

DUTRON® Kanaflex
DUPLON NYLON BRADED FLEXIBLE PVC PIPE
DUTRON H.D.P.E. R. PVC. C. P.V.C. PLUMBING & SWR Pipes
बादल P.V.C. TUBING
Ventura Pumps
Pluga Franklin Electric
PRAKASH SURYA GI PIPE
TUFROPES DESIGNED TO OUTPERFORM
neoseal Seal of Trust

*21, Ashwini Bazar, Udaipur (Raj.) Ph.: 0294-2526784, 2422446*
*gmsudp@yahoo.in sachinsaleco@yahoo.com*
*Godown: E-42, M.I.A., Road No. 4, Opp. Adarsh Automobiles, Udaipur (Raj.) Ph.: 0294-2493839*

# मानसून में खान-पान का रखें ध्यान



*डॉ. सुनील शर्मा*

**बारिश के महीने में बीमारियों की आशंका ज़्यादा रहती है। कोविड-19 का खतरा अभी टला नहीं है। ऐसे में मानसून के दौरान खान-पान में कुछ खास सावधानियां बरती जानी चाहिए। शरीर में कोई छोटी सी भी तकलीफ हो तो तुरन्त चिकित्सक से परामर्श लेने में विलम्ब नहीं करें।**

**भोजन** हमें निरोगी भी रखता है और रोगी भी बनाता है। इसीलिए हमें सही वक्त, सही मौसम में सही चीजों का सेवन करना चाहिए। मानसून के मौसम में भी हमें अपने खानपान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। मौसम के अनुसार कुछ नियम का पालन आवश्यक है अन्यथा परेशानी हो सकती है।

## सब्जियों को धोएं

बारिश के मौसम में हरी सब्जियों को खूब अच्छी तरह धोएं। हो सके तो गरम पानी से धोएं। इन दिनों कीट-पतंगों की भरमार रहती है, जो सब्जियों में चिपके रहते हैं। बैंगन जैसी सब्जियों में कीड़े भी पाए जाते हैं। अतएव सावधानी बरतें।

## दूध-दही नहीं सही

नमी वाले इस मौसम में दही का सेवन पाचन-तंत्र को बिगाड़ सकता है। इस दौरान वात, पित्त व कफ रोग बढ़ जाते हैं। रात में तो दही बिल्कुल नहीं खाना चाहिए, क्योंकि उस वक्त शरीर की पाचन क्षमता कम होती है। संभव हो तो दूध का सेवन भी कम ही करें। दरअसल इन दिनों दूध वात बढ़ाने का काम करता है। अगर दूध का सेवन करना भी हो तो खूब उबालकर प्रयोग में लाएं।

## मांसाहार से बचें

मांसाहार से बचना चाहिए। आसमान में बादल छाए रहने से कई बार सूर्य और चंद्रमा दिखाई नहीं देते। सूर्य और चंद्र की रोशनी हम तक नहीं पहुंचने से पाचन शक्ति कमजोर हो जाती है। नॉनवेज खाने को पचाने के लिए पाचन शक्ति का मजबूत होना जरूरी है।

## तली चीज़ों से परहेज

हर तली हुई चीज से इस मौसम में परहेज करना चाहिए, चाहे पकौड़े ही क्यों न हों, क्योंकि इससे पेट खराब हो सकता है। मौसम बादलों वाला हुआ नहीं कि ज्यादातर घरों में पकौड़े बनते हैं। लेकिन बारिश में इनका ज्यादा उपयोग सेहत के लिए ठीक नहीं है।

## पानी खूब पीएं

वैसे तो हर मौसम में हमारे शरीर को भोजन से ज्यादा पानी की जरूरत होती है, लेकिन बात जब बारिश के मौसम की हो तो इस समय हमारे शरीर को ज्यादा हाइड्रेट रखने की जरूरत होती है। इसलिए ज्यादा पानी पीना चाहिए। इससे बाहर के नमीयुक्त वातावरण का शरीर के अंदर से मुकाबला संभव हो पाता है। फल हर मौसम में फायदेमंद होते हैं, इसलिए मौसमी फलों का खूब उपयोग करें।

## पेट साफ रखें

हरड़ चूर्ण से पेट की सारी बीमारियों से बचाव होता है। यह आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी है, जो त्रिफला चूर्ण का एक हिस्सा है। हरड़ पेट को साफ और पाचन में सुधार करने में सहायक है। यह शरीर को अच्छे से डिटॉक्स कर साफ रखने और वजन को कम करने में मदद करती है। हरड़ उन लोगों के लिए तो वरदान है जिन्हें हमेशा कब्ज रहती है।

## इन पर भी दें ध्यान

वर्षा के मौसम में वायुजनित रोग बढ़ने लगते हैं। इसलिए जो भोजन शरीर में वायु तत्व को बढ़ाते हैं, उनसे परहेज करना चाहिए। इस मौसम में आर्थराइटिस, गैस की समस्या, एसिडिटी, नींद न आने की परेशानी हो जाती है। हार्टअटैक, माइग्रेन, सिरदर्द जैसी समस्याएं भी होने की आशंका अधिक रहती है। शरीर में जठराग्नि(पेट की आग, जो लाभकारी है) कम हो जाती है, जिसकी वजह से पाचन-तंत्र कमजोर व नाजुक हो जाता है। जलजनित रोग मानसून के दौरान अधिक तेजी से फैलते हैं, इसलिए इस मौसम में खाने-पीने को लेकर सावधान रहें। बासी और ठंडा खाना प्रयोग में लाने से बचें।



# गर्भावस्था में पानी की कमी से दिक्कतें

**गर्भवती के शरीर में पानी की कमी से एमिनॉटिक फ्लूड घटता है, जिससे मां-गर्भस्थ शिशु दोनों को खतरा रहता है।**

*केसर शर्मा*

**गर्भावस्था में शरीर में पानी की पर्याप्त मात्रा से न केवल महिला को आराम रहता है बल्कि गर्भस्थ शिशु भी सुरक्षित रहता है। पानी की कमी से सिरदर्द, मिचली, धड़कन तेज होना, पेट में मरोड़, मसल्स में दर्द, हाथ-पैरों में सूजन और चक्कर आने की समस्या हो सकती है। अगर गर्भ में पानी(एमिनॉटिक फ्लूड यानी बच्चेदानी में पानी) की कमी है तो बच्चे को कई तरह की परेशानी हो सकती है।**

**गर्भावस्था** में पर्याप्त मात्रा में पानी के उपयोग से मिचली यानी उल्टी जैसी समस्या से बचाव होता है। पानी की कमी से पेट में अम्ल अधिक बनता है जिससे पेट में जलन और अपच होता है। पानी शरीर का तापमान भी नियंत्रित रखता है और इंफेक्शन से भी बचाव करता है। गर्भावस्था में कब्ज की समस्या सामान्य परेशानी है। कब्ज अधिक समय तक रहने से बवासीर होने की आशंका रहती है। अगर गर्भवती थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पीए तो इन समस्याओं में आराम मिलेगा।

## पानी व अन्य तरल लेते रहें

गर्मी में गर्भवती को तीन लीटर से अधिक पानी पीना चाहिए। पानी का स्वाद अच्छा नहीं लगता तो उसमें नींबू का रस पुदीना, सौंफ, धनिया मिलाकर स्वाद बदल सकती हैं। नारियल पानी पी सकती हैं। घर बना जलजीरा या आम पना लिया जा सकता है। अगर पानी साफ नहीं है तो उबालकर पीएं। कई बार अधिक पानी पीने से भी परेशानी होती है।

## पानी की कमी की पहचान

पानी की कमी को आसानी से पहचाना जा सकता है। अगर गर्भवती का यूरिन पीला या कम मात्रा में हो रहा है तो समझें कि शरीर में पानी की कमी हो रही है। ऐसी स्थिति में पानी पर्याप्त मात्रा में पीएं। शरीर में पानी की कमी से शरीर और सिर में दर्द व ऐंठन की समस्या भी होने लगती है। लेकिन कई बार पीलिया के कारण भी यूरिन पीला आ सकता है। इसलिए अपने डॉक्टर को इस बारे में जरूर बताएं ताकि कोई दूसरी परेशानी न हो।

## जरूरी है एमिनॉटिक फ्लूड

यह बच्चे के सम्पूर्ण विकास और सुरक्षा के लिए जरूरी है। इसकी कमी से शिशु का विकास प्रभावित हो सकता है। इसकी ज्यादा कमी होने पर कई बार डॉक्टर समय से पहले डिलीवरी की सलाह देते हैं। यह फ्लूड एंटीबॉडीज की तरह काम करता है। जिससे गर्भस्थ शिशु का संक्रमण से बचाव होता है। अल्ट्रासाउंड जांच से इसका पता लगाते हैं। सामान्य रूप से गर्भवती में एमिनॉटिक फ्लूड लेवल 8-18 सेमी के बीच होता है।

## इन कारणों से भी घटता है एमिनॉटिक फ्लूड

गर्भ में एमिनॉटिक फ्लूड कम होने के कई दूसरे भी कारण हो सकते हैं, जैसे बच्चे को कोई जन्मजात बीमारी, किडनी में परेशानी, गर्भस्थ शिशु के यूरिनरी ट्रैक में रुकावट या फिर प्लेसेंटा में कोई समस्या है। इसके साथ ही कई बार महिला का पानी असमय डिस्चार्ज से भी एमिनॉटिक फ्लूड का लेवल कम हो जाता है।

### कॉफी से यूरिन अधिक

फलों का रस पीना ठीक रहता है। लेकिन ज्यादा न लें। इनमें कैलोरी अधिक होती है। सॉफ्ट ड्रिंक्स और चाय-कॉफी तो बिलकुल ही न लें। इससे यूरिन अधिक बनता है और शरीर का तरल बाहर निकलता है।

**- डॉ. जया चौधरी,**
वरिष्ठ स्त्री रोग विशेष, जयपुर

### ये फल खा सकते हैं

गर्भावस्था में संतरा, मौसमी, नींबू, कीवी, अनार, आड़ू, खुबानी और अ[illegible]ारा आदि फल खाएं। इनसे ताजगी मिलती है। गर्मी में अंगूर, खीरा, टमाटर, तरबूज, मूली, पालक, सेव आदि ले सकती हैं।

**- डॉ. प्रियंका रहारिया**
स्त्री रोग विशेषज्ञ, जयपुर



अब तक यह माना जाता रहा था कि मंगल ग्रह का ज्यादातर पानी इस ग्रह के कम गुरुत्वाकर्षण की वजह से वातावरण में उड़ गया। शोधकर्ता के अनुसार वातावरण में पानी के उड़ जाने का सिद्धांत पूरी तरह से हमारे आंकड़े से मैच नहीं करता। शोध डेटा बताता है कि एक समय में मंगल ग्रह पर कितना पानी था।

# लाल ग्रह के गर्भ में पानी के भंडार

**अनंत** संभावनाओं से भरे मंगल गृह पर आज से अरबों साल पहले पानी के विशाल तालाब, झीलें और समुद्र मौजूद थे, लेकिन समय के साथ यह सब गायब हो गए। यह पानी कहां गया, लंबे समय से वैज्ञानिकों के लिए यक्ष प्रश्न बना हुआ था। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के एक नए शोध के मुताबिक मंगल ग्रह का 30 से लेकर 99 प्रतिशत तक पानी इस लाल ग्रह पर छिपा हुआ है। शोध के अनुसार यह पानी मंगल ग्रह की बाहरी पपड़ी केअंदर मौजूद खनिज पदार्थों के अंदर ही विद्यमान है। मंगल ग्रह के ऊपर चक्कर लगा रहे सैटेलाइट और रोवर के डेटा का इस्तेमाल करते हुए शोधकर्ताओं ने एक कम्प्यूटर सिमलेशन तैयार किया है। इसने बताया है कि कैसे पानी मंगल ग्रह से धीरे-धीरे खत्म होता गया।

## सतह से एक किलोमीटर नीचे पानी

**जिस** तरह से सिग्नल रिफ्लेक्ट होते हैं, उसके आधार पर पता लगाया जा सकता है कि वहां कौन सा मटेरियल है-चट्टान, बर्फ या पानी। धरती पर भी ग्लेशियर झीलों का पता लगाने के लिए इसी तरीके का इस्तेमाल किया जाता है। टीम ने मंगल पर ऐसे क्षेत्र खोजे हैं, जहां बर्फ के एक किलोमीटर नीचे पानी के संकेत मिलते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि करीब 75 हजार स्क्वेयर किलोमीटर पर ये झीलें फैली हैं। सबसे बड़ी झील करीब 30 स्क्वेयर किलोमीटर लम्बी है और इसके आसपास 3 छोटी झीलें हैं। मंगल की सतह पर कम दबाव की वजह से लिक्विड पानी की मौजूदगी संभव नहीं होती है, लेकिन वैज्ञानिकों को काफी वक्त से ऐसी संभावना लगती रही है कि यहां पानी हो सकता है।

## यू सुलझी पानी की पहेली

**अब** तक यह माना जाता रहा था कि मंगल ग्रह का ज्यादातर पानी मंगल ग्रह के कम गुरुत्वाकर्षण की वजह से वातावरण में उड़ गया। शोधकर्ता इवा स्वेलर के अनुसार वातावरण में पानी के उड़ जाने का सिद्धांत पूरी तरह से हमारे आंकड़े से मैच नहीं करता। हमारा डेटा बताता है कि एक समय में मंगल ग्रह पर कितना पानी था। अब वैज्ञानिकों ने नासा के प्लेनेटरी डेटा सिस्टम की मदद से इस रहस्य को सुझला लिया है। इसमें उन्होंने रोवर और मंगल का चक्कर लगा रहे सेटेलाइटों के डेटा का भी इस्तेमाल किया है। इस टीम ने धरती पर अंतरिक्ष से गिरे उल्कापिंडों के आंकड़े को भी शामिल किया है। शोध में लाल ग्रह पर पानी के हर रूप और वातावरण के रसायनिक तत्वों तथा ऊपरी परत पर ध्यान दिया गया है। शोध में कहा गया है कि केवल वातावरण के रास्ते पानी मंगल ग्रह पर खत्म नहीं हुआ। वह जमीन की बाहरी सतह में मौजूद है। धरती के विपरीत मंगल पर कोई टेक्टोनिक प्लेट नहीं है, इसलिए एक बार इसके सूख जाने पर यह हमेशा वैसा ही रहता है।

## बर्फ के नीचे सॉल्टवाटर झील

**इससे** पहले वैज्ञानिकों ने दावा किया था कि मंगल के दक्षिणी ध्रुव पर बर्फ के नीचे एक विशाल सॉल्टवॉटर झील मिली है। मंगल की झीलों पर नमक की मात्रा के कारण परेशानी हो सकती है। माना जाता है कि सतह के नीचे झीलों में पानी के लिक्विड होने के लिए नमक की भारी मात्रा की जरूरत होती है। मंगल के अंदरूनी हिस्सों से यहां तक गर्मी तो पहुंचती होगी, लेकिन यह बर्फ को पानी में बदलने के

लिए काफी नहीं होगी। इसलिए नमक का होना जरूरी है। इसके बाद वैज्ञानिकों ने तीन और झीलों के बारे में बताया है। यूरोपियन स्पेस एजेंसी के मार्स-ऑर्बिटिंग स्पेस क्राफ्ट के राडार डेटा के आधार पर यह खोज की गई थी। स्टडी में हिस्सा ले रही यूनिवर्सिटी ऑफ रोम की वैज्ञानिक एलेनी पेट्टिनली के मुताबिक हमने पानी के उसी स्रोत की खोज की है, लेकिन हमें उसके आसपास तीन और स्रोत मिले हैं। यह एक जटिल सिस्टम है। मार्सिस ने रेडियो वेव्स भेजी थीं, जो मंगल की सतह और सतह के ठीक नीचे वाले हिस्से से टकराकर लौटा।



## विस्फोट के बाद चट्टानी स्वरूप

**वैज्ञानिकों** ने बताया कि मंगल ग्रह का चट्टानी स्वरूप 3 से 4 अरब साल पहले ज्वालामुखी विस्फोट के बाद हुआ था। पृथ्वी अपनी ऊपरी परत को रिसाइकिल करने और फंसे हुए पानी को निकालने में सक्षम है। वहीं इसके विपरीत मंगल ग्रह की चट्टानें इतनी पुरानी हैं कि वे बड़ी मात्रा में पानी को जमा कर सकती हैं। इससे पहले 31 जुलाई 2008 को नासा के फोनिक्स मार्स लैंडर ने इस बात की पुष्टि की थी कि मंगल ग्रह के बर्फ के अंदर पानी मौजूद है। उसने बताया था कि इस बर्फ में भी वही तत्व मौजूद हैं जो धरती पर पाए जाने वाली बर्फ के अंदर पाए जाते हैं। यह बर्फ का दूसरा रूप नहीं है। लाल ग्रह पर कई प्राचीन सूख चुकी घाटियां और नदी रास्ते हैं जिससे यह संकेत मिलता है कि यहां पर पानी बहता रहा होगा। नासा का रोवर वर्तमान समय में जेजेरो गड्ढे में जांच अभियान में लगा हुआ है। यह एक ऐसी झील है जहां 3.5 अरब साल पहले विशाल झील थी। *(एजेंसी)*


*Kamlesh Hathi*
*Mob.: 9829084220*
*9462623355*

Happy Independence day

91.6 हॉलमार्क ज्वेलरी


Kohinoor
Jewellers
(EXCLUSIVE SHOP)

**Hallmark Licence No.: HM/C 8490038523/397**

*A Trusted Place of 91.6 Gold & Silver Jewelleries & Gem Stones.*
*Tel.: 0294-2419715, 2522823 (S)*

**Email: kohinoorjewellersudr@gmail.com**


**108, Bhamashah Marg, Near Oswal Bhawan, Udaipur - 313 001 (Raj.)**



# सुशांत की 'छिछोरे' सर्वश्रेष्ठ हिन्दी फिल्म

## कंगना सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री, मनोज व धनुष सर्वश्रेष्ठ अभिनेता







*अशोक तम्बोली*

67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत और श्रद्धा कपूर अभिनीत फिल्म 'छिछोरे' साल 2019 की सर्वश्रेष्ठ हिन्दी फिल्म चुनी गई। अफसोस हैं कि सुशांत यह खुशखबर सुनने के लिए हमारे बीच नहीं है। पिछले वर्ष जून में वे अपने फ्लेट में मृत पाए गए थे।




### कंगना सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री

कंगना रनौत सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री चुनी गई। उन्हें यह पुरस्कार उनकी फिल्में 'पंगा' व 'मणिकर्णिका – द क्वीन ऑफ झांसी' के लिए दिया जाएगा।

### मनोज - धनुष सर्वश्रेष्ठ अभिनेता बने


मनोज वाजपेयी को 'भोंसले' और धनुष को 'असुरन' में अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिलेगा। मनोज को उनके कॅरियर का यह तीसरा राष्ट्रीय पुरस्कार है। वहीं, संजय पूरन सिंह चौहान हिन्दी फिल्म 'बहत्तर हूरें' के लिए सर्वोत्तम निर्देशक चुने गए हैं। प्रियदर्शन की मलयालम फिल्म 'मरक्कर : अरबिका डालिन्ते सिंहम' को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार मिलेगा।

### ताजमहल को अवार्ड

सामाजिक फिल्मों की श्रेणी में मराठी की 'आनंदी गोपाल' को सर्वश्रेष्ठ फिल्म, राष्ट्रीय एकता के लिए नरगिस दत्त पुरस्कार 'ताजमहल' को और सर्वाधिक लोकप्रिय और सर्वाधिक मनोरंजक फिल्म की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार तेलुगु फिल्म 'महर्षि' को मिलेगा। पहली फिल्म का इंदिरा गांधी पुरस्कार मलयाली फिल्म 'हेलेन' को मिलेगा, जिसका निर्देशन एम. जेवियर ने किया है।

### विजेताओं पर नज़र

- सर्वश्रेष्ठ फिल्म : मरक्कर : अरबिकाडालिंते सिंहम
- सर्वश्रेष्ठ हिन्दी फिल्म : छिछोरे
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता : मनोज बाजपेयी(भोंसले), धनुष(असुरन)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री : कंगना रनौत (मणिकर्णिका, पंगा)
- सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेता : विज सेतुपति
- सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेत्री : पल्लवी जोशी
- सर्वश्रेष्ठ एडिटिंग : जर्सी
- सर्वश्रेष्ठ ऑडियोग्राफी : रेसुल पोकुट्टी
- सर्वश्रेष्ठ स्क्रीनप्ले : गुमनामी
- सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका : सावनी रवीन्द्र(बरदो)
- सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक : बी प्राक
- सर्वश्रेष्ठ एक्शन निर्देशक : अवने श्रीमन्नारायण
- सर्वश्रेष्ठ नृत्य निर्देशन : महर्षि
- सर्वश्रेष्ठ स्पेशल इफेक्ट : मरक्कर लायन ऑफ द अरेबियन सी
- विशेष ज्यूरी अवार्ड : ओत्था सेरुप्पू साइज 7
- सर्वश्रेष्ठ गीतकार : प्रभा वर्मा(कोलांबी)
- सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक : डी इमान (विश्वासम्)
- सर्वश्रेष्ठ बैकग्राउंड संगीत : प्रबुद्ध बनर्जी(ज्येष्ठोपुत्री)
- सर्वश्रेष्ठ मेकअप आर्टिस्ट : रंजीत(हेलन)
- सर्वश्रेष्ठ सिनेमेटोग्राफी : जल्लीकट्टू
- सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्म : कस्तूरी


Happy Independence Day
Technology Services
ARCGATE
The convergence of Big Data, Cloud, Mobile and Artificial Intelligence (AI) is transforming enterprises, industries, and the world. And it is just the start.
The products that we have helped build over the years are probably in your pocket.
Dictionary.com is the top reference app in the world
Moneycontrol.com is the top financial app in India
Firstpost iPad app is a Webby Award winner News app
We leverage technology to create solutions that make a true impact.
We build a range of applications leveraging the full benefits of modern architectures, continuous delivery practices and cloud-enabled platforms.
We are an experienced development partner that you can rely on to deliver cost-effective full-cycle custom software development services.
G1-11, I.T.Park, M.I.A. (Extn.)
Udaipur – 313003 Rajasthan, India
Contact : + 91 77420 92381, + 91 77420 92382

# तीज : रूप बदला है, ज़ज्बात नहीं

अंशु हर्ष

**धरती पर प्रकृति हर तरफ हरियाली की चादर सी बिछी है और शायद इसी वजह से सावन की तीज को हरियाली तीज कहा जाता है। सावन की तीज में कन्याएं योग्य वर पाने के लिए तो विवाहिताएं अपने सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए व्रत रखती हैं।**

***पौराणिक** मान्यता के अनुसार हरियाली तीज के दिन ही देवी पार्वती ने सौ वर्षों की तपस्या के बाद भगवान शिव को पाया था। अपने सुखी दांपत्य जीवन की कामना के लिए इस दिन उपवास कर भगवान शंकर-पार्वती की बालू से मूर्ति बनाकर पूजन किया जाता है। सुंदर वस्त्र धारण किए जाते हैं। मान्यता के अनुसार इस व्रत को करने वाली स्त्रियों को पार्वती के समान सुख प्राप्त होता है। रिमझिम बरसात, घेवर की मिठास, रंग-बिरंगा लहरिया, बागों में झूले और मेहंदी लगे हाथ। यही नजारा होता है, सावन की तीज का। तीज का त्यौहार आज भी उतना ही महत्वपूर्ण है, हर महिला के लिए जो बरसों पहले था। हां, परम्पराओं में आधुनिकता का संगम दिखता हैं, पर भावनाएं आज भी वही हैं।*

## रंगबिरंगा लहरिया

**अब** सिर्फ तीज ही पर नहीं, बल्कि पूरा सावन लड़कियां और महिलाएं लहरिया पहनती हैं, क्योंकि कामकाजी महिलाएं ज्यादातर ऑफिस में रहती हैं और उन्हें हर रोज तरह-तरह के कपड़े पहनने के लिए चाहिए होते हैं। तीज के दिन भी अगर ऑफिस जरूरी होता है, तो काम से छुट्टी नहीं मिलती और त्योहार वहीं मनता है।

## बागों में झूले

**यह** मुख्यत: स्त्रियों का त्योहार है। इस समय जब प्रकृति चारों तरफ हरियाली की चादर सी बिछा देती है, तो प्रकृति की इस छटा को देखकर मन पुलकित होकर नाच उठता है। जगह-जगह झूले पड़ते हैं। स्त्रियों के समूह गीत गाते हुए झूला झूलते नजर आते हैं। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को श्रावणी तीज कहते हैं। इसे हरितालिका, हरियाली या कजली तीज के नाम से भी जानते हैं।

## रिश्तों में घोलती मिठास

**इस** दिन प्रकृति परम्परा से रिश्तों में मिठास घोलती नजर आती है। प्रकृति के सतरंगी होने का प्रतीक लहरिए के रूप में दिया जाता है। इस दिन महिलाएं विशेष रूप से लहरिया पहनती हैं। नवविवाहित व शादीशुदा महिलाओं को उनके मायके व ससुराल से कोथली व सिंजारे के रूप में उपहार मिलते हैं। इनमें मेहंदी, चूड़ियां, कपड़े व घेवर आदि शामिल हैं।









## प्रकृति के अनगिनत गीत

**हर** त्योहार या उत्सव को मनाने के पीछे के पारंपरिक तथा सांस्कृतिक कारणों के अलावा एक और कारण है, मानवीय भावनाओं का। चूंकि प्रकृति मनुष्य को जीवन देती है, जल, नभ और थल मिलकर उसके जीवन को सुंदर बनाते हैं और जीवनयापन के अनगिनत गीत उसे उपलब्ध करवाते हैं। इसी विश्वास और श्रद्धा के साथ प्रकृति से जुड़े तमाम त्योहार तथा दिवस मनाए जाते हैं। वृक्षों, फसलों, नदियों तथा पशु-पक्षियों को पूजा जाता है, उनकी आराधना की जाती है। ताकि समृद्धि के ये सूचक हम पर अपनी कृपा सदैव बनाए रखें। हरियाली तीज को भी हम इसी कड़ी में रख सकते हैं। यह शिव तथा गौरी की आराधना का दिन है। गौरी और शिव सुखद व सफल दांपत्य जीवन को परिभाषित करते हैं, अतः इनकी पूजा इसी अभिलाषा से की जाती है कि वे पूजन तथा व्रत करने वाली को भी यही वरदान दें। स्त्रियाँ पारंपरिक तरीकों से श्रृंगार करती हैं तथा माँ पार्वती से यह कामना करती हैं कि उनकी जिंदगी में ये रंग हमेशा बिखरे रहें। भगवान शंकर और माता पार्वती को समर्पित हरियाली तीज की तैयारियां महिलाएं एक महीने पहले से ही प्रारंभ कर देती हैं। उस दिन क्या पहनना है, मेकअप कैसा होगा, चूड़ियां किस रंग की होंगी, पैरों में चप्पल किस स्टाइल की होंगी और गहने कैसे होंगे। इस तरह की तैयारियां सिर्फ विवाहित महिलाएं ही नहीं, बल्कि कुंवारी लड़कियां भी शुरू कर देती हैं। इन दिनों बाजार की रंगत भी देखते ही बनती है। पंजाब में जहां तैयारियां 15 दिन पहले से शुरू हो जाती हैं, वहीं राजस्थान में एक महीने पहले से महिलाएं श्रावणी तीज का इंतजार करती है।

## धरती ओढ़ लेती हरी चूनर

संस्कृति के रंगों से सराबोर राजस्थान, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, पंजाब, बिहार और मध्यप्रदेश जिस मौसम में झूमकर गा उठता है, पैर अपने आप बरसाती बूंदों की टप-टप पर थिरकते हैं, वह मौसम है सावन का। आकाश अपने काले बादलों को हवा के झोंके के साथ नन्ही-नन्ही बूंदों में पिरोकर घरों की छतों को भिगाने लगता है, तो घरों की छतों से टप-टप का संगीत एक ही लय में गूंज उठता है। इसके साथ ही धरती ओढ़ लेती है हरे रंग की चूनर और रच जाती है घर-घर में युवतियों की हथेलियों पर सूर्ख मेहंदी। इन्द्रधनुषी रंगों की ओढ़नी ओढ़े, मौसम की सौंधी खुशबू को समेटे विवाहिताएं पार्वती की तरह अपने पिया को रिझाने के लिए खिल उठती हैं। इसी माह हरियाली तीज पर नई नवेली दुल्हन अपने मायके जाती है और नव विवाहिता के ससुराल से इस त्योहार पर साज-श्रृंगार के सामनों से भरा सिंजारा भेजा जाता है। दरअसल मां पार्वती का इस दिन पूजन-आह्वान विवाहित स्त्री-पुरुष के जीवन में हर्ष प्रदान करता है।

## मेहंदी का रंग

**एक** दौर था जब हाथों में मेहंदी तो खूब लगायी जाती थी, पर किसी विशेष डिजाइन में नहीं। बस तीज के एक दिन पहले अपने घर के कार्यों को पूरा कर महिलाएं रात को मेहंदी लगाती थीं। मेहंदी से हाथ भर कर दोनों हाथ कस कर एक कपड़े से बांध दिए जाते थे, फिर सुबह ही वे खोले जाते। अगले दिन सबसे पहले उठ कर एक-दूसरे से यह पूछा जाता था कि किसकी मेहंदी कैसी रची, किसका रंग कैसा आया। एक मान्यता थी कि जिसकी मेहंदी सबसे गाढ़ी रचेगी, उसकी सास उसे सबसे ज्यादा प्यार करेगी।

## तीन तरह से मनाई जाती है हरियाली तीज

**भारत** में तीन तरह की तीज मनाई जाती है। पहली हरियाली तीज जो सावन में शुक्ल पक्ष की तृतीया को आती है, जिसमें दूध, दही व फूलों से चांद की पूजा की जाती है। दूसरी कजरी तीज, जो कृष्ण पक्ष की तृतीया को आती है व इसमें नीम की पूजा की जाती है। तीसरी हरतालिका तीज होती है, यह भाद्रपद महीने में मनाई जाती है।

## पौराणिक महत्व

**यह** पर्व भगवान शिव और पार्वती के पुनर्मिलाप के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार मां पार्वती ने भगवान शंकर को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए 108 जन्म लिए थे। मां पार्वती के कठोर तप और उनके 108वें जन्म में भगवान ने पार्वती को अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार किया था। तभी से ऐसी मान्यता है कि इस व्रत को करने से मां पार्वती प्रसन्न होकर पतियों को दीर्घायु होने का आशीर्वाद देती हैं।

## आईएम वैक्सीनेटेड रेडी टू सर्व बैजेस का लोकार्पण



**उदयपुर।** बडोला हुंडई पर गत दिनों आईएम वैक्सीनेटेड रेडी टू सर्व बैजेस का लोकार्पण रोटरी अध्यक्ष महेन्द्र टाया ने किया। निदेशक नक्षत्र तलेसरा तथा विवेक बडोला ने बताया कि सेल्स एवं सर्विस का संपूर्ण स्टाफ टीका लग चुका है तथा ग्राहक सुरक्षा हमारी प्रथम प्राथमिकता है। सचिव वीरेन्द्र सिरोया ने कहा कि समाज जनों की सक्रिय भागीदारी से ही कोरोना से मुक्ति पाई जा सकती है।

## जीबीएच में डॉक्टर्स का सम्मान



**उदयपुर।** जीबीएच जनरल एवं मेमोरियल कैंसर हॉस्पिटल और जीबीएच अमेरिकन हॉस्पीटल में डॉक्टर्स-डे पर प्रबंधन की ओर से डॉक्टर्स का सम्मान किया गया। ग्रुप डायरेक्टर डॉ. आनंद झा ने बताया कि जीबीएच जनरल में प्राचार्य डॉ. विनय जोशी और डॉ तरुण व्यास ने सभी डॉक्टर्स को गुलाब भेंट किए। चेयरमैन डॉ. कीर्ति जैन ने शुभकामना दी।

## श्री जी एक्सोटिका की लांचिंग



**उदयपुर।** अरिहंत ग्रुप ने गत दिनों अपने नए प्रोजेक्ट श्री जी एक्सोटिका को लॉंच किया। सेलिब्रेशन मॉल के पीछे शोभागपुरा रोड स्थित इस प्रोजेक्ट में 1 लाख 60 हजार फीट निर्माण क्षेत्र में 108 लक्ज़री फ्लैट होंगे। ग्रुप के निदेशक सुरेश गुंदेचा ने बताया कि यह प्रोजेक्ट सभी आधुनिक सुख-सुविधाओं से लैस है। प्रोजेक्ट में ग्रीनलैंड के लिए काफी क्षेत्र छोड़ा है, जिसमें एक बड़ा पार्क और अन्य छोटे पार्क विकसित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि एक्सोटिका में 3 और 2 बीच के 108 फ्लैट होंगे। इसके अलावा इसमें मंदिर, सामुदायिक भवन, अतिथि गृह, किड्स पार्क, जिम आदि भी होंगे। इस दौरान श्रीजी एक्सोटिका का ब्रोशर विमोचन गुंदेचा, अशोक जोशी, सुरेन्द्र सिंह मेड़तिया, जयपाल सिंह मेड़तिया, पदम सिंह, रोशन डांगी, सोहन रावल व हेमंत चोरड़िया ने किया।

## बोलेरो एनईओ की लांचिंग



**उदयपुर।** महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा के डीलर के. एस. ऑटोमोबाइल्स प्रा. लि. में महिन्द्रा की नई बोलेरो एनईओ की लांचिंग मुख्य अतिथि रीको के सीनियर रीजनल मैनेजर संजय नानावटी ने की। कंपनी के निदेशक सुनील कुमार परिहार एवं आकाश परिहार ने स्वागत किया। परिहार ने बताया कि बोलेरो कि ये नई गाड़ी आधुनिक डिजाइन, शक्तिशाली तकनीक से लैस है। महाप्रबंधक नावेद खान भी उपस्थित थे।

## 'दिव्य धरोहर' विशेषांक का विमोचन

**उदयपुर।** महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं प्रबंध न्यासी अरविन्द सिंह मेवाड़ ने 'निधि दर्पण' विशेषांक 'मेवाड़ की दिव्य धरोहर' का विमोचन शंभू निवास में किया। उन्होंने कहा कि मेवाड़ के महाराणाओं ने शैव सम्प्रदाय के साथ ही अन्य संप्रदायों को भी पूरा मान-सम्मान प्रदान किया एवं उनका रक्षण किया। इंटेक उदयपुर चैप्टर की ओर से प्रकाशित विशेषांक शोधार्थियों एवं जिज्ञासुओं के लिए भी लाभप्रद होगा। निधि दर्पण के संयोजक डॉ. बी. पी. भटनागर, डॉ. एम. एल. नागदा, प्रो. ललित पांडे, फाउंडेशन के उप सचिव डॉ. मयंक गुप्ता मौजूद थे।




## नए परिसर में जे.पी. रोडलाइंस





**उदयपुर।** जे.पी. रोड लाइंस के गोकुल विलेज (सविना खेड़ा) स्थित नए परिसर में कार्यारंभ पर आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में व्यवसाइयों ने भाग लिया। पूर्व में प्रतापनगर में उक्त प्रतिष्ठान था। शुभारंभ अवसर पर प्रोपराइटर गौतम पटेल ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में जीवन ज्योति पाण्डेय, नाहरसिंह, देवीलाल पटेल, अशोक कुमार, पार्षद फिरोज अहमद शेख, पंकज कुमार शर्मा, भगवान सोनी आदि भी मौजूद थे।





## आचार्य अध्यक्ष, पारीख सचिव

**उदयपुर।** लायन्स क्लब, हिरणमगरी के वर्ष 2021-22 के लिए वर्चुअल बैठक में हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर लायन हरीश आचार्य, सचिव लायन जयन्ति भाई पारीख एवं कोषाध्यक्ष लायन अनिता आचार्य को मनोनीत किया गया। पूर्व अध्यक्ष हेमन्त जैन ने बताया कि प्रथम उपाध्यक्ष लायन देवेन्द्र नागदा एवं द्वितीय उपाध्यक्ष लायन कुसुम कोठारी सहित 9 संचालक सदस्य भी मनोनीत किए गए।

JASBIRSINGH
M.: 094141 57853

*Happy Independence day*

RANJITSINGH
M. : 094623 02841

# CHIRAG PETRO PRODUCT

## SALES CORPORATION



Trading of Bitumen (Bulk & Drum)
Bituminous Products
and Other Petroleum Products

17-18, Maharana Udaisingh
Market, Udaipur (Raj.)
E-mail: chiragpetro@gmail.com



# राजस्थान : गरीब व गांव से जुड़ा शासन-प्रशासन

**जाति-धर्म की राजनीति से अछूती अशोक गहलोत सरकार पूरी पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता से लोक कल्याण के संकल्प को पूरा करने में जुटी है। शांति, सद्भाव और विकास के इन प्रयासों में आमजन उसके साथ मन से शामिल हैं। पिछले दो वर्षों में लिए गए फैसलों और चिकित्सा व स्वास्थ्य के ढांचे को मज़बूत बनाने के प्रयासों ने गहलोत को और अधिक लोकप्रिय बना दिया है।**

*वेदव्यास*

**राजस्थान** में अमन-चैन है। यहां जाति-धर्म की राजनीति का आतंक नहीं है। सरकारी रथ पर सवार कोई सरेआम हिन्दू राष्ट्रवाद का अखाड़ा नहीं चला रहा। यहां लव जेहाद, गौरक्षा के नाम पर भीड़ द्वारा हत्या करने, धर्मान्तरण के कपट द्वार, विदेशी-स्वदेशी और कब्रिस्तान-श्मशान जैसी कोई सरकारी पहलवानी भी नहीं हो रही। कुल मिलाकर उत्तरप्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखण्ड, हिमाचल जैसे भाजपा शासित राज्यों के मुकाबले यहां सामाजिक सद्भाव अधिक मजबूत है। छत्तीस कौम मिलकर रहती हैं। अपराध का सरकारी संरक्षण यहां सिर चढ़कर नहीं बोलता। यहां अपाधियों का फर्जी मुठभेड़ से सफाया भी संभव नहीं। जो राजस्थान लंबे समय तक उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्यप्रदेश के साथ अपराधों का सिरमौर था, वहां अब विकास, सद्भाव और सामाजिक-आर्थिक सुधार का वातावरण है।

यहां की सरकार का हिन्दू, मुसलमान और मंदिर-मस्जिद की राजनीति का( संविधान के समानांतर) हिन्दू राष्ट्रवादी, एजेण्डा नहीं है। यहां देशद्रोह के मुकदमे, यूएपीआई, एनआईए और केन्द्रीय प्रतिरक्षा बलों का राजनैतिक दुरुपयोग और पृथकतावाद, अलगाववाद, माओवाद जैसी कोई चुनौती भी नहीं है। पाकिस्तान से जुड़ी लंबी सीमाएं होते हुए भी प्रदेश में प्रायः शांति है। सरकारी बाड़ जनता के खेतों को नहीं खा रही। आम्बेडकर का संविधान बराबरी का समाज बनाने और न्याय का शासन चलाने का प्रयास कर रहा है। एक लोक कल्याणकारी राज्य के रूप में यहां चेहरे और मुखौटे की लुका-छिपी और वोटों की राजनीति नहीं हो रही। अन्य राज्यों की तरह राजस्थान में भी दलितों, महिलाओं, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के सामने सामाजिक-आर्थिक संकट तो है, लेकिन राज्य सरकार इन पर कोई

## भाजपा के दावों का जवाब

■ भाजपा के दावों के मुताबिक प्रदेश 2019 में महिला अत्याचार के मामलों में 41550 प्रकरणों के साथ प्रथम स्थान पर था। जबकि एनसीआरबी के मुताबिक महिला अत्याचार के सर्वाधिक 59853 मामले उत्तर प्रदेश में दर्ज हुए। राजस्थान में निर्बाध पंजीकरण की नीति के बावजूद मामले उत्तरप्रदेश से कम हैं।

■ भाजपा का दावा है कि 2020 में 2019 की तुलना में महिला अत्याचार 50 प्रतिशत तक बढ़े। जबकि एनसीआरबी के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक वास्तव में वर्ष 2020 में महिला अत्याचार 16 प्रतिशत कम हुए। वर्ष 2020 में बलात्कार में भी 11 प्रतिशत की कमी आई है। वर्ष 2019 की तुलना में महिला अत्याचारों में जून 2021 तक 9 प्रतिशत की कमी है।

■ बलात्कार के प्रकरणों में भाजपा सरकार में वर्ष 2017-18 में 30.33 प्रतिशत महिलाओं को अपनी एफआईआर दर्ज कराने के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ता था। आज यह आंकड़ा 15 प्रतिशत से भी कम है।

■ किसी भी प्रदेश में अपराध को पूरी तरह से नहीं रोका जा सकता, लेकिन अपराध के बाद उस पर कार्रवाई कर न्याय सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। राजस्थान में महिला अत्याचारों के प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण किया गया, जिसके कारण 2019 के अंत में मात्र 9 प्रतिशत प्रकरण लंबित थे। जबकि भाजपा-जदयू शासित बिहार में 47 प्रतिशत, हरियाणा में 17 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 20 प्रतिशत और मध्य प्रदेश में 16 प्रतिशत प्रकरण लंबित रहे।

■ वर्ष 2020 एवं 2021 के आंकड़ों की तुलना करना उचित नहीं है, क्योंकि 2020 में करीब आधा साल आंशिक या पूर्ण लॉकडाउन में गुजरा जिसके कारण अपराध के आंकड़ों में कमी आई थी। इसलिए तुलनात्मक रूप से 2021 के आंकड़े ज्यादा आना स्वाभाविक था।

ज्यादती नहीं होने दे रही। यहां आर.एस.एस. और भाजपा जैसी डबल इंजन की राजनीति नहीं है, क्योंकि प्रदेश में लोकतंत्र और संविधान के साथ महात्मा गांधी और स्वतंत्रता संग्राम की परम्परा लोगों को याद है।

मैं राजस्थान को 1949 में इसके गठन से ही देख रहा हूं और अब तक रहे सभी मुख्यमंत्रियों को भी देखा है। इसलिए मुझे ये कहना भी उचित लगता है कि यहां कांग्रेस का शासन सदैव उदारवादी और विकास प्रधान रहा है। कोई अतिवादी मुख्यमंत्री यहां ऐसा नहीं रहा, जिसने समाज को विभाजित किया हो अथवा जाति-धर्म की संकीर्ण मानसिकता में धकेला हो। यहां तक कि भाजपा के भैरोसिंह शेखावत भी यहां उदारवादी-सहिष्णु नेता के रूप में जनता की सेवा कर चुके हैं। लेकिन 2014 और 2019 के आम चुनावों में भाजपा के प्रचण्ड बहुमत ने देश में लोकतंत्र और संविधान का अर्थ ही बदल दिया है। राजस्थान में अशोक गहलोत की वर्तमान सरकार सभी मोर्चों पर एक विश्वसनीय लोकतंत्र और विकास से लोक कल्याण का समाज बना रही है। राजस्थान पर केन्द्र की भाजपा सरकार की सामाजिक-आर्थिक नीतियों से बढ़ती अराजकता, अपराध और हिन्दू राष्ट्रवादी अभियान का दबाव है। लेकिन गहलोत पूरी पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता से जनता के योग-क्षेम को तरजीह दे रहे हैं और रचनात्मक राजनीति में सक्रिय शासन-प्रशासन को गरीबों और गांवों की भलाई से जोड़ते रहे है। ये उनका अपना गुण-धर्म है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जिस तरह के फैसले पिछले वर्षों मे हुए हैं उसका दुष्प्रभाव राजस्थान पर अधिक है। फिर भी राजस्थान ने सतर्क रहकर काम किया है। कोरोनाकाल में चिकित्सा, स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को आगे के लिए मजबूत बनाया है। भाजपा शासित राज्यों से घिरा यह राज्य कांग्रेस की प्रयोगशाला बन विकास कर रहा है। आम जनता के मन में शांति और सद्भाव भी बढ़ा है। मैं ये नहीं कहता कि राजस्थान में स्वर्ग उतर आया है, लेकिन ये जरूर है कि गुजरात, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश और हरियाणा की राजस्थान तरह साम्प्रदायिक राष्ट्रवाद की प्रयोगशाला नहीं है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**


प्रत्यूष

प्रत्यूष पत्रिका में विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें

75979 11992, 94140 77697

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

परतानी नाक कान गला अस्पताल

डॉ. लोकेश परतानी
एम.एस. (ई.एन.टी.)

डॉ. सीमा परतानी
एम.डी. (एनेस्थिसिया)

डॉ. सुशांत जोशी
एम.एस. (ई.एन.टी.)

फोन :- 0294-2462150 मोबाइल :-9414162550 (For Appointment and Emergency)

14, नाकोड़ा कॉम्पलेक्स, हंसा पैलेस के पास,
सेक्टर 4, हिरणमगरी, उदयपुर (राज.)
ई-मेल : lpartani@yahoo.com



सुविधाएं
- नाक, कान एवं गले के सभी प्रकार के रोगों की जाँच, इलाज व ऑपरेशन की सुविधा।
- सूक्ष्मदर्शी यंत्र द्वारा कान व गले के ऑपरेशन की सुविधा।
- मशीन द्वारा कान के सुनने की जाँच (ऑडियोमेट्री एवं इपिडेंस ऑडियोमेट्री) की सुविधा।
- उच्च तकनीक के डिजिटल श्रवण यंत्र (Digital Hearing Aid )
- नाक, कान एवं गले की एंडोस्कोपी (कम्प्यूटर द्वारा) जाँच की सुविधा।

# 1 सेकंड नज़र चूकी और हाथ से निकला मेडल

*जगदीश सालवी*

**1960 रोम ओलंपिक खेलों को ना तो कभी भारतीय प्रशंसक भूल पाए और ना मिल्खा सिंह। ये वो ओलम्पिक था जिसमें एक सेकंड की गलती से मिल्खासिंह पदक जीतने से चूक गए थे। जिसका उन्हें आजीवन अफसोस रहा। वे अब हमारे बीच नहीं हैं। उन्होंने हमेशा युवा एथलीटों को सीख दी कि उन्हें उन गलतियों से बचना चाहिए, जो रोम ओलम्पिक में उनसे हुई थी।**

'**फ्लाइंग** सिख' के नाम से मशहूर महान भारतीय एथलीट मिल्खा सिंह का जून माह में कोरोना के कारण निधन हो गया। वर्ष 1958 में कॉमनवेल्थ गेम्स में चैम्पियन रहे मिल्खा सिंह की पत्नी भी उनके निधन से पांच दिन पूर्व ही उन्हें और संसार को छोड़ गई थी। वे भी कोरोना की चपेट में थीं। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं, खिलाड़ियों और देश-दुनिया में प्रशंसकों ने मिल्खा सिंह की मृत्यु पर गहरा दु:ख व्यक्त किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वे अद्भुत खिलाड़ी थे जो भारतीयों के दिलों में बसते थे।अस्पताल में भर्ती मिल्खा सिंह को पता ही नहीं था कि उनकी जीवन संगिनी निर्मल कौर अब इस दुनिया में नहीं हैं। छह दशक तक कदम से कदम मिलाकर चलने वाली निर्मल कौर कोरोना से 13 जून को जंग हार चुकी थीं। मिल्खा कमजोर हो चुके थे, लेकिन रिकवर भी हो रहे थे। इसलिए परिवार ने सोचा कि ये बात बताई तो गहरा सदमा लगेगा। परिवार ने ठीक होने के बाद ही उन्हें निर्मल के निधन की सूचना देने की सोची। लेकिन, किस्मत ने कुछ और ही तय किया था। निर्मल के जाने के 5 दिन बाद ही 18 जून की रात मिल्खा भी दूसरी दुनिया में चले गए। मिल्खा सिंह की अंतिम यात्रा में उनकी पत्नी निर्मल कौर की तस्वीर को मिल्खा के हाथों में रखा गया। निर्मल भी खिलाड़ी थीं। वे भारतीय वालीबॉल टीम की कप्तान रह चुकी थीं। मिल्खा और निर्मल कोरोना होने से पहले तक पूरी तरह फिट थे। 91 साल के मिल्खा रोज जॉगिंग करते थे। दर्द होने पर कभी पेन किलर भी नहीं खाते थे। मिल्खा दम्पत्ती अपने पीछे पुत्र जीव मिल्खा सिंह और पुत्री मोना को छोड़ गए हैं।

## रिद्म तोड़ना बड़ी भूल रही

फाइनल में पहले 250 मीटर वे बहुत तेज दौड़े और सबसे आगे थे। जब सिर्फ 150 मीटर का फासला रह गया तो उनके दिमाग में ख्याल आया कि मिल्खा तुम बहुत ही तेज दौड़ रहे हो। कहीं ऐसा ना हो कि तुम रेस ही पूरा नहीं कर पाओ।

## यह चूक भारी पड़ गई

यह सोच दिमाग में आते ही उन्होंने अपनी रिद्म तोड़कर रफ्तार धीमी कर दी। ... और बस यहीं भारत और मिल्खा की किस्मत का सितारा डूब गया। जब एक बार एथलीट स्पीड तोड़ देता है तो फिर उसे वापस हासिल करना उसके लिए असंभव होता है।



भारतीय गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने पिता की ऑटोबायोग्राफी 'द रेस ऑफ माई लाइफ' की प्रस्तावना लिखी है। इसमें पिता की शख्सियत और उनके के बारे में काफी जानकारी दी है। भारत के सबसे सफल धावक मिल्खा सिंह का जन्म 20 नवम्बर 1929 को पंजाब के गोविन्दपुरा में हुआ था, जो अब पाकिस्तान में है। देश का बंटवारा होने के बाद मिल्खा सिंह भारत आ गए। काफी संघर्ष और मेहनत के बाद एथलेटिक्स की दुनिया में छा गए। मिल्खा सिंह ने 1958 कॉमनवेल्थ खेलों में शिरकत की और 440 यॉर्ड स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर छा गए। इस तरह से वह कॉमनवेल्थ खेलों की ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धा में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बने।

मिल्खा सिंह के पास 1960 रोम ओलंपिक खेलों में पदक जीतकर इतिहास रचने का मौका था लेकिन वह कुछ सेकंड से चूक गए और चौथे नंबर पर रहे। सभी को लग रहा था कि मिल्खा सिंह 400 मी. में स्वर्ण जरूर जीतेंगे। वे फाइनल में पहुंच चुके थे। आमतौर पर हर ओलंपिक में फाइनल रेस सेमीफाइनल के एक दिन के बाद होती है। लेकिन रोम में फाइनल 3-4 दिन के बाद हुआ।

## एक-एक पल भारी रहा

यह जो 3-4 दिन थे, इसमें उन्होंने खुद पर काफी दबाव बना लिया क्योंकि वे जानते थे कि पूरी दुनिया की नजर उनके ऊपर है। वे कमरे में अकेले लेटे छत को निहारते रहते थे। एक-एक मिनट उनके लिए गुजारना भारी था।

## 5वीं लेन भारी पड़ गई

हर एथलीट को 1 से 6 तक के बीच की लेन मिलती है। उन्हें बदकिस्मती से 5वीं लेन मिली। ऊपर वाली लेन(नंबर 1-2-3-4) के धावक इस लेन के प्रतियोगी को आसानी से देख पाते हैं कि आप किस गति संग दौड़ रहे हैं। लेकिन 5वीं और छठी लेन वाला एथलीट नहीं देख पाता।

## पीछे मुड़कर नहीं देखना था

मिल्खा ने अपनी ऑटोबायोग्राफी में कहा कि रेस के दौरान जब कुछ मीटर की रेस रह गई थी, तब मैंने सिर्फ कुछ सेकंड के लिए पीछे की ओर मुड़कर देखा और वो एथलीट मुझे सीधे देख रहा था। ... बस उतने में मेडल हाथ से चला गया। उन्होंने 1956 और 1964 ओलंपिक खेलों में भी शिरकत की लेकिन पदक नहीं जीत सके।



## एशियन गेम्स में चार पदक

**मिल्खा** सिंह के नाम एशियन गेम्स में चार पदक हैं। वह यह कारनामा करने वाले एकमात्र भारतीय धावक थे। उन्होंने 1958 टोक्यो(200 मीटर और 400 मीटर) एशियन गेम्स में दो और 1962 जकार्ता एशियन गेम्स में 400 और 4 गुणा 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता।

## फिल्म भी बनी

**फिल्म** निर्माता राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने वर्ष 2013 में इन पर 'भाग मिल्खा भाग' नामक फिल्म बनाई। सेवानिवृत्ति के बाद मिल्खा सिंह खेल निदेशक पंजाब के पद पर रहे। वे पद्मश्री की उपाधि से भी सम्मानित हुए।

## ज़िंदगी भर रहा अफसोस

मिल्खा सिंह ने अपनी ज़िंदगी में तमाम रेस जीतीं लेकिन ओलंपिक में पदक नहीं जीतने का अफसोस उन्हें ज़िंदगी भर रहा। वह हमेशा कहते थे कि रोम ओलंपिक में पदक मेरे हाथ से गिर गया और यह मेरी बदकिस्मती रही। लेकिन मेरी आखिरी ख्वाहिश है कि दुनिया छोड़ने से पहले मैं देखकर जाऊं कि कोई नौजवान लड़का या लड़की ओलंपिक रेस में पदक जीते और वहां भारतीय तिरंगा लहराए। लेकिन अफसोस, ऐसा हो नहीं सका।

## पाठक-पीठ

'प्रत्यूष' के अप्रेल अंक का सम्पादकीय आलेख 'राजद्रोह नहीं असहमति के स्वर' संवेदनशील और महत्वपूर्ण विषय पर बेबाक था। किन्तु जो लोग जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को बहुमत से हटाने के संसद के निर्णय कि विरोध में जिस तरह की भाषा और धमकियों का सहारा ले रहे हैं, वह कतई मान्य नहीं है। इसे राजद्रोह अथवा राष्ट्रद्रोह नहीं तो क्या कहा जाए? सम्पादकीय की अन्तिम पंक्तियां शायद इसका जवाब भी था। इसी अंक में डॉ. भीमराव अम्बेडकर पर आलेख भी बहुत प्रभावी था। बधाई।

**- छगनलाल बोहरा,**
**उदयपुर**




## कैसा लगा यह अंक

इस अंक में कौन सा आलेख आपको ज्यादा पसंद आया। आप किन विषयों पर आलेख पढ़ना ज्यादा पसंद करेंगे? किस विषय पर आप हमें अपना मौलिक आलेख, शोध, कविता, कहानी भेजना चाहेंगे। कृपया हमें लिखें। आपके रचनात्मक सुझावों का सदैव स्वागत होगा।

**pankajkumarsharma2013@gmail.com**

## गरीबों की जेब खाली, धनपतियों की तिजोरियां ठस

# कालाधन लौटा तो नहीं, बढ़ा ज़रूर



**भारत ही नहीं, अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में भी कोरोना काल में आम लोगों की जिंदगी दुश्वार हुई, पर शीर्ष के धनपतियों व उनकी कंपनियों के खजाने में अरबों की दौलत बढ़ी। ऐसे में, स्विस बैंकों में भारतीयों के धन में बॉन्ड, सिक्योरिटी आदि के जरिए बढ़ोतरी समझी जा सकती है। लेकिन यह खुला सच है कि जितने भी 'टैक्स हेवन' देश हैं, उनके बैंकों में दुनिया भर के रसूखदारों और धनपतियों ने विशाल धनराशि छिपा रखी है।**

*नन्द किशोर*

**स्विस** बैंकों में जमा काला धन भारत लाने की राह तो अब तक नहीं खुली लेकिन इनमें भारतीय धन और बढ़ गया है। स्विट्जरलैण्ड के केन्द्रीय बैंक के हाल ही जारी सालाना आंकड़ों के मुताबिक स्विस बैंकों में भारतीयों का व्यक्तिगत तथा कंपनियों का धन 2020 में बढ़कर 2.55 अरब स्विस फ्रैंक (करीब 20,700 करोड़ रुपए) पर पहुंच गया। यह बढ़ोतरी जमा के बजाय प्रतिभूतियों, बॉन्ड और अन्य वित्तीय मदों के जरिए रखी गई होल्डिंग से हुई।

धन स्विस बैंकों की भारतीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के जरिए रखा गया। ग्राहकों की जमा राशि में इस दौरान गिरावट दर्ज की गई। स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) स्विस बैंकों में भारतीय ग्राहकों का सकल कोष 2019 में 89.9 करोड़ स्विस फ्रैंक (6,625 करोड़ रुपए) था। एक वर्ष में इसमें 14,075 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। यह 13 वर्षों में सर्वाधिक बढ़ोतरी है। हालांकि एसएनबी के आंकड़े स्विस बैंकों में भारतीयों के काले धन के बारे में कोई संकेत नहीं देते। स्विस बैंकों में कोष के मामले में ब्रिटेन अव्वल है। उसके नागरिकों के स्विस बैंकों में 377 अरब स्विस फ्रेंक जमा हैं। अमरीका 152 अरब स्विस फ्रेंक के साथ दूसरे नम्बर पर है।

## काला धन का स्रोत

प्रश्न यह है कि यह धन स्विस बैंकों में आता कहां से है। इसे समानान्तर अर्थव्यवस्था के नाम से भी कुछ लोग जानते-पुकारते हैं तो कुछ इसका, काली आमदनी, गैर कानूनी अर्थव्यवस्था और अनियमित जैसे नामों से भी उल्लेख करते हैं। इसे अवैध कार्यों और तरीकों से अर्जित किया जाता है।

सन् 2014 के चुनाव प्रचार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और भारतीय जनता पार्टी ने स्विस बैंकों में जमा काले धन को जबर्दस्त मुद्दा बनाया था और जनता से वादा किया था कि सत्ता में आने पर विदेशों में जमा काला धन देश में लाया जाएगा। उसे वादे से प्रभावित भारतीय मतदाताओं ने भाजपा-एनडीए गठबंधन को सत्ता और उसके नेता नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री पद दिया। लेकिन सात वर्ष बीत जाने पर भी स्विस बैंकों में जमा काला धन भारत लाने का वादा पूरा तो नहीं किया गया, बल्कि उस धन में इज़ाफा ही होता रहा और सरकार चुप है।

काला धन साल 2014 के आम चुनाव में तो यह एक बहुत बड़ा मुद्दा बना था। चुनावी रैलियों में अतिरंजित दावे किए गए। जब इस पर लगाम लगाने के लिए नवम्बर 2016 में नोटबंदी का एलान किया गया, तब देशवासी काफी तकलीफें उठाकर भी नरेन्द्र मोदी सरकार के फैसले के साथ अडिग रहे। लेकिन इससे कोई फायदा नहीं हुआ। इसका सबसे बड़ा प्रमाण है चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा और विधानसभा चुनावों में बड़े पैमाने पर नगदी, शराब व आभूषणों की बरामदगी। कुछ मायनों में नोटबंदी से अर्थव्यवस्था को नुकसान ही पहुंचा। उसके बाद काले धन का मुद्दा न सरकार के लिए लोक-लुभावन बचा, और न लोगों के लिए किसी उम्मीद का बाइस रहा। फिर भी, इसको नियंत्रित करने की शासन-प्रशासन की कोशिशें बंद नहीं हुईं, हो भी नहीं सकतीं, क्योंकि यह अंततः देश की अर्थव्यवस्था को चौपट करता है।

यह एक कड़वी सच्चाई है कि कोरोना काल में आम लोगों की जिंदगी दुश्वार हुई, पर शीर्ष के धनपतियों व उनकी कंपनियों की तिजौरियों में दौलत का अम्बार लगता रहा। ऐसे में, स्विस बैंकों में भारतीयों के धन में बॉन्ड, सिक्योरिटी आदि के जरिए बढ़ोतरी समझी जा सकती है। लेकिन यह खुला सच है कि जितने भी 'टैक्स हेवन' देश हैं, उनके बैंकों में दुनिया भर के रसूखदारों और धनपतियों ने विशाल धनराशि छिपा रखी है। पनामा पेपर्स लीक इसका सबसे बड़ा प्रमाण है। दिक्कत यह है कि ये देश किसी प्रकार की वित्तीय जानकारी साझा नहीं करते। सरकारों के लिए लंबे समय से यह बड़ी चुनौती बनी हुई है कि कैसे कर-चोरी के इस रास्ते को बंद किया जाए? जाहिर है, कूटनीतिक तरीकों से ही ऐसे खाताधारकों तक पहुंचना होगा। भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति इस वक्त अच्छी नहीं है और आने वाले कुछ वर्षों में उसके आर्थिक अनुशासन की कड़ी परीक्षा होगी।

# 2022 में चंद्रयान-3 का प्रक्षेपण



**देश** का तीसरा और महत्वाकांक्षी चंद्र मिशन चंद्रयान-3 अगले साल के आखिर तक लॉन्च होगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन(इसरो) के प्रमुख के. सिवन के अनुसार कोरोना महामारी के चलते लगे लॉकडाउन की वजह से चंद्रयान-3 और देश के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान समेत कई परियोजनाओं की शुरुआत में देरी हुई।

सिवन ने बताया कि चंद्रयान-3 बहुत कुछ चंद्रयान-2 जैसा ही होगा, मगर इसमें कोई ऑर्बिटर नहीं होगा। जो ऑर्बिटर चंद्रयान-2 में था, उसी का इस्तेमाल चंद्रयान-3 के लिए भी किया जाएगा। हम इस पर काम कर रहे हैं। हम इसके लिए एक प्रणाली विकसित कर रहे हैं और यह 2022 में लॉन्च कर दिया जाएगा। चंद्रयान-2 आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से 22 जुलाई 2019 को रवाना किया गया था। सात सितम्बर 2019 को इसके लैंडर विक्रम को चांद की सतह पर आहिस्ता से उतरना था, मगर यह झटके के साथ उतरा, जिससे प्रयास पूरी तरह सफल नहीं माना जाता। हालांकि, चंद्रयान-2 का ऑर्बिटर सफलतापूर्वक अपना काम कर रहा है और इसरो को आंकड़े भी भेज रहा है।

## गगनयान के मानवरहित मिशन की लॉन्चिंग दिसम्बर में

**सिवन** के अनुसार गगनयान परियोजना के तहत देश के पहले मानवरहित मिशन को इसी साल दिसम्बर में भेजे जाने पर काम हो रहा है। यह मिशन मूल रूप से बीते साल दिसम्बर में लॉन्च किया जाना था। यह गगनयान की दिशा में उल्लेखनीय कदम साबित होगा।

## मानव मिशन के लिए हर तकनीक को जांचा-परखा जा रहा

**गगनयान** मानव मिशन को 2022 तक लॉन्च किया जाना है। तीन भारतीय अंतरिक्ष में भेजे जाएंगे। मिशन के लिए चार पायलटों को चुना गया है, जिन्हें रूस में कड़ा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



## भारत की गौरव मिताली राज

# दस हजार रन बनाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर




गायत्री पटेल

**पुरुष क्रिकेट की चर्चा और आकलन से पटे खबर जगत में शानदार प्रदर्शन से महिला खिलाड़ियों ने सेंध लगानी शुरू कर दी है। भारत की दिग्गज क्रिकेटर मिताली राज ने पिछले दिनों दो रिकॉर्ड अपने नाम किए। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10 हजार रन बनाने वाली वे विश्व की दूसरी खिलाड़ी और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सात हजार रन पूरा करने वाली दुनिया की पहली महिला क्रिकेटर बन गई हैं। मिताली की इन उपलब्धियों ने भारतीय महिला क्रिकेट को एक नया आयाम दिया है। पुरुषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलने की परिभाषा की नई व्याख्या की है। आठ साल की उम्र तक ज्यादा सोना जिसे पसंद था, उसने पूरी दुनिया की महिलाओं को जगाने का काम किया है।**

**भारत** के लिए यह गौरव की बात है कि मिताली राज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10,000 रन पूरे करने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बन गई हैं। 22 साल से भी ज्यादा समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रही 38 वर्षीया मिताली राज न जाने कितने भारतीयों और भारतीय महिलाओं की प्रेरणास्रोत रही हैं। मिताली ने 12 मार्च को दक्षिणी अफ्रीका के खिलाफ खेले तीसरे वनडे मैच में उक्त इतिहास रचा। मिताली ने 3 जुलाई को ब्रिस्टल में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वन डे में नाबाद 75 रन की पारी खेलकर भारत को 4 विकेट से जीत दिलाई। 140 वन डे में भारत के लिए कप्तानी की, 53 हारे, तीन बेनतीजा रहे, जबकि 84 वन डे में भारत को जीत दिलाई। वे 100 से ज्यादा वन डे में कप्तानी करने वाली पहली भारतीय कप्तान भी है। खास यह भी कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10 हजार रन बनाने वाली दूसरी महिला खिलाड़ी हैं। उनसे पहले इंग्लैण्ड की चार्लेट एडवर्ड्स इस मुकाम को हासिल कर चुकी हैं। जाहिर है, मिताली की इस कामयाबी को हर किसी से सराहना मिल रही है। वर्ष 1999 से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रही मिताली को फिटनेस, कौशल और क्रिकेट के प्रति समर्पण भाव के लिए मिसाल



### दिग्गज टीमों के खिलाफ रन बनाए




### रनों की भूख अब भी बाकी

ऐसा भी समय आया जब विभिन्न कारणों से मुझे लगा कि अब बहुत हो चुका, लेकिन कोई ऐसी चीज थी, जिससे में खेलती रही। अब मुझे इंटरनेशनल क्रिकेट में 22 साल हो गए है, लेकिन रनों की भूख अब भी कम नहीं हुई हैं।

- मिताली राज

### 3 फॉर्मेट में प्रदर्शन

| | | |
|---|---|---|
| टेस्ट | 669 रन | 01 शतक |
| वनडे | 7,304 रन | 07 शतक |
| टी–20 | 2,364 रन | 17 अर्द्धशतक |

माना जाता है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके ज्यादातर रन एकदिवसीय मैचों में बने हैं, तो यह स्वाभाविक है। वे टेस्ट मैचों के बजाय वनडे में ज्यादा सफल मानी जाती हैं और वनडे में अब तक 7,304 रन बना चुकी हैं। मिताली ने टेस्ट क्रिकेट अपेक्षाकृत कम खेला है और महिला टेस्टक्रिकेट अपेक्षाकृत कम होता भी है, इसके बावजूद कप्तान के रूप में

## दुनिया की शीर्ष 3 बल्लेबाज



मिताली राज, भारत

रन 10,337



चार्लोट एडवर्ड्स, इंग्लैंड

रन 10,273



सूजी बेट्स, न्यूजीलैंड

रन 7,849


वह टेस्ट की सफलतम भारतीय महिला कप्तान रही हैं। टेस्ट कप्तान के रूप में उनकी सफलता का प्रतिशत पचास है, वहीं वनडे में 63.35 प्रतिशत की सफलता दर उन्हें विशिष्ट दर्जे में खड़ा करती है। उनकी फिटनेस बताती है कि वे उम्र के पांचवें दशक में भी क्रिकेट जारी रख सकती हैं।

जिस दौर में मिताली ने अपना कॅरियर शुरू किया था, उस दौर में भारतीय महिला टीम को हारने वाली टीमों में गिना जाता था। लेकिन 2002 के बाद भारतीय महिला क्रिकेट में जो सुधार आया, उसमें मिताली के बल्ले का योगदान भुलाया नहीं जा सकता। 2005 के वनडे वर्ल्ड कप फाइनल तक पहुंची भारतीय महिला टीम ने पीछे पलटकर नहीं देखा है। अंजु जैन, अंजुम चोपड़ा, ममता मबेन, झूलन गोस्वामी के साथ मिलकर मिताली ने जिस तरह से महिला क्रिकेट को मजबूत किया है, उस पर आज देश को गर्व है। आज भारतीय महिला टीम को वनडे में दूसरे नम्बर की और ट्वंटी-20 में तीसरे नंबर की टीम माना जाता है। मिताली के नाम अनेक कीर्तिमान दर्ज हैं। वह सबसे ज्यादा वनडे क्रिकेट खेलने वाली खिलाड़ी होने के अलावा वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी भी हैं। 38 की उम्र में भी सफलतापूर्वक भारतीय वनडे क्रिकेट की कप्तानी संभाल रही मिताली से अभी भी भारतीय क्रिकेट को बड़ी उम्मीदें हैं। उन्हें 2003 में अर्जुन पुरस्कार व 2015 में पद्मश्री सम्मान से नवाजा गया। मिताली के नाम 54 वनडे अर्द्धशतक हैं जो विश्व क्रिकेट में किसी महिला खिलाड़ी के नाम नहीं है।

प्रत्यूष

प्रत्यूष पत्रिका में विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें

75979 11992, 94140 77697



प्रत्यूष

## कंगना के नाम

# चौथा राष्ट्रीय पुरस्कार

*रेणु शर्मा*

**बॉलीवुड** की 'क्वीन' कंगना रनौत ने 67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा में चौथा राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार अपने नाम किया। उन्हें 'मणिकर्णिका' में निभाए झांसी की रानी और 'पंगा' में कबड्डी खिलाड़ी के किरदार के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री घोषित किया गया।

कंगना ने साल 2008 में 'फैशन' के लिए सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेत्री का पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता था। इसके बाद 2014 में 'क्वीन' और 2015 में 'तनु वेड्स मनु' के लिए वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार पर कब्जा जमाने में कामयाब रही थीं। हालांकि, सबसे ज्यादा राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाली अभिनेत्रियों के मामले में वह अब भी दूसरे स्थान पर है। बतौर अभिनेत्री शबाना आजमी के खाते में सबसे ज्यादा पांच राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार दर्ज हैं। उन्हें 1975 में 'अंकुर' 1983 में 'अर्थ', 1984 में 'कंधार', 1985 में 'पार' और 1999 में 'गॉडमदर' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के नेशनल फिल्म अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। कंगना अक्सर समाज और राष्ट्र से सम्बन्धित महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी राय बेबाकी से रखती रही हैं। बॉलीवुड में उभरते कलाकार सुशांत सिंह की मौत हो अथवा चीन की लद्दाख में घुसपैठ का मामला, उन्होंने खरे-खरे शब्दों में निर्भिकता से अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। सुशांत सिंह की आत्महत्या के बाद बॉलीवड में 'नेपोटिज्म' के खिलाफ आवाज़ में कंगना की आवाज़ सबसे मुखर थी। उनका मानना है कि सुशांत की मौत एक ऐसी प्रतिभा का अन्त था, जिसने छोटे से कालखण्ड में ही अपने अभिनय का लोहा मनवाया। उनका प्रतिभा कौशल बॉलीवुड में परम्परागत रिश्तेदारियों के निर्वाह में लिप्त लोगों को रास नहीं आया। कंगना का यह भी मानना था कि सुशांत की मज़ाक उड़ाई गई और मंचों पर प्रताड़ित कर उसे योजनाबद्ध तरीके से बॉलीवुड से बाहर करने की कोशिशें हुई। पिछले वर्ष चीन की भारत के लद्दाख में घुसपैठ को लेकर देशभर में क्रोध का उबाल था। हर तरफ से चीन के सामान के बहिष्कार की मांग उठी। इस दौरान कंगना ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर कर चाइनीज़ प्रोडक्ट के बहिष्कार का पुरज़ोर समर्थन किया। उनकी बेबाकी से बॉलीवुड के तथाकथित 'बड़े चेहरे' नाराज़ हैं। कंगना ने जब महाराष्ट्र सरकार तक को आईना दिखा दिया तो, प्रसिद्धि का मुलम्मा चढ़ाए बॉलीवुड को अपने ही भाई-भतीजों तक सीमित रखने वाले लोग मन मसोस कर बैठ गए। दूसरी तरफ कंगना की फिल्में उनकी अदाकारी से सफलता के झण्डे गाड़ती रही। और यह उसी का परिणाम है कि चौथी बार राष्ट्रीय पुरस्कार अपने नाम कर उन्होंने बॉलीवुड को 'बपौती' मानने वालों को करारा जवाब दिया। कंगना अभिनीत फिल्म 'थलाइवी' भी उनके जीवन की बड़ी और महत्वपूर्ण फिल्म है। यह फिल्म तमिल अभिनेत्री और तमिलनाडु की राजनीति में 'अम्मा' के नाम से प्रसिद्ध होकर करीब 15 साल तक लोकप्रिय मुख्यमंत्री रहने वाली स्व. जयललिता की बहुआयामी ज़िन्दगी पर आधारित है। फिल्म निर्देशक ए. एल. विजय के इस ड्रीम प्रोजेक्ट में कंगना ने अपना लुक तो जयललिता जैसा बनाया ही, फिल्म के लिए भरतनाट्यम के गुर सीखने से लेकर तमिल भाषा और जयललिता जी के हाव-भाव भी अपने आप में हूबहू उतारने के लिए जी-तोड़ मेहनत की। इस फिल्म में एम. जी. रामचन्द्रन का किरदार अरविन्द स्वामी ने और एम. करुणानिधि की भूमिका प्रकाशराज ने भी बड़े ही सशक्त ढंग से निभाई है।



HAPPY INDEPENDENCE DAY

Dr. Sunil Goyal
M.S. (Surgery)

Tel. : 0294-2640852 (Hosp.)
2640251, 3291459 (R)

RAJASTHAN HOSPITAL & RESEARCH CENTRE

● MEDICAL ● SURGICAL ● MATERNITY

69, I-Block, Sector-14, Goverdhan Villas, UDAIPUR (Raj.)

Res. : 54, I-Block, Sector-14, Goverdhan Villas, UDAIPUR (Raj.)

E-mail : Karunagoyal@hotmail.com, rajhospital20@yahoo.com



डॉ. सुशान्त जोशी

(एम.एस., ई.एन.टी.), कान, नाक, गला, मुख
और गला केंसर रोग विशेषज्ञ

!! एक छोटी सी पहल!!

अगर आपकी आयु 70 वर्ष से अधिक है तो आपसे 40 प्रतिशत
कम परामर्श शुल्क लिया जाएगा (मात्र 150 रुपए)
अगर आप गर्भवती महिला या दिव्यांग हैं तो
आपको बिना प्रतीक्षा तुरंत सेवा दी जाएगी।

अगर आप महीने के पहले व तीसरे मंगलवार को दिखाने आए तो आपसे कोई परामर्श शुल्क नहीं मांगा जाएगा एवं इच्छानुसार प्राप्त शुल्क की असहाय एवं गरीब बच्चों के स्वास्थ्य व शिक्षा के लिए उपयोग में लिया जाएगा।

ENT FOR ALL

जोशी ई.एन.टी. क्लिनिक

आकार कॉम्पलैक्स के पास, पवन मेडिकल के पीछे, मैन यूनिवर्सिटी रोड, उदयपुर (राज.) 313001

✆ 0294-2940888, 9828478888



# पौधों से प्यार सेहत शानदार

**पौधे न सिर्फ हमारे घर की खूबसूरती को बढ़ाते हैं, सेहत को भी निखारते हैं। पौधों के आस-पास रहने से न सिर्फ मानसिक, बल्कि शारीरिक रूप से भी राहत महसूस होती है। यदि आपको भी घर में इंडोर प्लांट्स रखने में रूचि है, तो अपने इस शौक को बरकरार रखिए। इस सम्बंध में आपका मार्गदर्शन कर रही हैं - हर्षिता नागदा**

**बागवानी** की तरफ लोगों का रुझान पिछले कुछ सालों में काफी बढ़ा है, साथ ही बढ़ गया है इंडोर प्लांट का शौक भी। तभी तो भारत में इंडोर प्लांट्स का सालाना मार्केट 250 करोड़ से भी आगे बढ़ गया है और 10-15 प्रतिशत से भी अधिक की दर से प्रतिवर्ष बढ़ रहा है। बड़े शहरों में छोटे-छोटे घरों में रहने को विवश लोगों के लिए हरियाली और पेड़-पौधों से निकटता बढ़ाने का यह एक बहुत ही प्रभावी जरिया बन गया है। खूबसूरत गमलों में लगे पौधे न सिर्फ घर की खूबसूरती में इजाफा करते हैं, बल्कि स्वास्थ्य की दृष्टि से भी लाभकारी होते हैं।

## साफ और सुरक्षित हवा

इंडोर प्लांट्स हवा को प्रदूषित करने वाले 80 प्रतिशत से ज्यादा तत्वों को हवा से हटा देते हैं। पौधे कार्बन डाई-ऑक्साइड को हटा कर घर के भीतर ऑक्सीजन की मात्रा को भी बढ़ाते हैं। बढ़ते प्रदूषण के बीच ये छोटे-छोटे पौधे खासतौर से सांस से जुड़ी बीमारियों से जूझ रहे लोगों के लिए वरदान हैं।

## तनाव भी होगा कम

साइकोलॉजिकल एंथ्रोपोलॉजी नाम की पत्रिका में प्रकाशित एक रिपोर्ट से यह बात सिद्ध हो चुकी है कि इंडोर प्लांट्स का मानसिक सेहत पर सकारात्मक असर पड़ता है। पौधे को लगाते और उसकी देखभाल करते वक्त हम अपनी सारी ऊर्जा और ध्यान लगा रहे होते हैं। इससे तनाव को दूर करने और ध्यान केन्द्रित करने में मदद मिलती है। वहीं आसपास इंडोर प्लांट्स होने से मन शांत रहता है।



## कार्यक्षमता बेहतर

कई शोध इस बात को साबित कर चुके हैं कि ऑफिस में पौधों के रखने से उसका सकारात्मक असर वहां के कर्मचारियों की कार्यक्षमता पर पड़ता है। यूके यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर के शोधकर्ताओं के अध्ययन के मुताबिक, ऑफिस में इंडोर प्लांट्स रखने से वहां काम कर रहे लोगों की कार्यक्षमता में 15 प्रतिशत तक इजाफा होता है और वे नौकरी से ज्यादा संतुष्ट भी होते हैं। कई अध्ययनों से यह भी साबित हुआ है कि इंडोर प्लांट्स के आसपास रहने से छात्र स्कूल या कॉलेज में पढ़ाए जाने वाले विषयों को बेहतर तरीके से समझ पाते हैं। पौधे ध्यान केन्द्रित करने में भी मददगार होते हैं।

## हीलिंग पावर

पौधों के आसपास रहने से न सिर्फ मानसिक, बल्कि शारीरिक रूप से भी राहत महसूस होती है। अमेरिकन सोसायटी ऑफ हार्टिकल्चर साइंस के शोध में पाया गया कि ऑपरेशन के बाद जिन रोगियों के कमरे में इंडोर प्लांट्स ज्यादा थे, उनकी रिकवरी तेजी से हुई। साथ ही इन मरीजों को दर्दनिवारक दवाएं भी कम लेनी पड़ीं। उन्हें थकान और एंग्जाइटी जैसी समस्याएं भी कम महसूस हुईं।

## मूड होगा ठीक

इंडोर प्लांट्स न सिर्फ शारीरिक और मानसिक सेहत को सुधारते हैं, बल्कि ये मूड को भी ठीक करते हैं। इंडोर प्लांट्स से वातावरण अच्छा लगता है। अपने आसपास हरियाली देखकर हमें अच्छा महसूस होता है और इससे डोपामाइन हार्मोन का स्राव बढ़ता है, जो हमें खुश रखने में सहायक होता है।

## खुद पर गर्व

पौधों को प्यार और देखभाल दोनों की जरूरत के साथ ही उन्हें बड़ा करने के लिए धैर्य की भी जरूरत होती है। पर, शुरुआती देखभाल के बाद पौधा जब बढ़ना शुरू होता है, तो उसे अपने सामने बढ़ता देखने की खुशी कुछ अलग होती है। अपने लगाए पौधों को बढ़ता देखकर ऐसा महसूस होता है कि हमने कुछ हासिल किया है। अपने लगाए पौधे को बढ़ता हुआ देखकर सिर्फ अच्छा ही नहीं लगता, बल्कि इससे अपने आत्मविश्वास में भी इजाफा होता है।

## विश्व बैंक की रिपोर्ट : सड़क हादसों में मरने वालों में सबसे ज्यादा भारतीय

# महज एक फीसद वाहन लेकिन 11 फीसद मौत



**पिछले एक दशक में भारतीय सड़कों पर 13 लाख लोगों की मौत हुई और 50 लाख लोग घायल हुए। सड़क हादसों की वजह से 5.96 लाख करोड़ रुपए यानी सकल घरेलू उत्पाद के 3.14 फीसद के बराबर नुकसान हुआ।**

**भारत** में दुनिया के एक फीसद वाहन हैं पर सड़कों पर वाहन दुर्घटनाओं के चलते विश्व भर में होने वाली मौतों में 11 फीसद मौत भारत में होती है। विश्व बैंक की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

भारत में सालाना करीब साढ़े चार लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं जिनमें डेढ़ लाख लोगों की मौत होती है। रपट में कहा गया, 'सड़क दुर्घटनाओं में हताहत होने वाले लोगों में सबसे ज्यादा भारत के होते हैं।'

भारत में दुनिया के सिर्फ एक फीसद वाहन हैं, लेकिन सड़क दुर्घटनाओं में दुनिया भर में होने वाली मौतों में भारत का हिस्सा 11 फीसद है। देश में हर घंटे 53 सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं और हर चार मिनट में एक मौत होती है।' रपट के अनुसार पिछले एक दशक में भारतीय सड़कों पर 13 लाख लोगों की मौत हुई है और 50 लाख लोग घायल हुए । भारत में सड़क दुर्घटनाओं के चलते 5.96 लाख करोड़ रुपए यानी सकल घरेलू उत्पाद( जीडीपी) के 3.14 फीसद के बराबर नुकसान होता है। सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय द्वारा हाल ही में किए गए अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि भारत में सड़क दुर्घटनाओं से 1,47,114 करोड़ रुपए की सामाजिक व आर्थिक क्षति होती है, जो जीडीपी के 0.77 फीसद के बराबर है। मंत्रालय के अनुसार सड़क दुर्घटनाओं का शिकार लोगों में 76.2 फीसद ऐसे हैं जिनकी उम्र 18 से 45 साल के बीच है। यानी ये लोग कामकाजी आयु वर्ग के हैं।वैश्विक स्तर पर सड़क दुर्घटनाएं लोगों की मौत का आठवां सबसे बड़ा कारण है। कम आय वाले देशों में सड़क दुर्घटनाओं की दर अधिक आय वाले देशों की तुलना में तीन गुना अधिक है। भारत के आंकड़े इस निष्कर्ष को और पुष्ट करते हैं।

*–रमेश जोशी*




प्रत्यूष

# तीज के लिए खास मीठे-नमकीन व्यंजन

अपने मंगलमय दाम्पत्य जीवन के लिए विवाहित महिलाएं हरियाली तीज का व्रत रखती हैं। इस अवसर पर खास तरह के मीठे-नमकीन व्यंजन बनाए जाते हैं। प्रस्तुत है तीज पर बनने वाले कुछ विशेष व्यंजन

कल्पना नागदा



## गुलाब लड्डू स्पेशल

**सामग्रीः** कंडेस्ड मिल्क 400 ग्राम, नारियल का बूरा 350 ग्राम, गुलकंद 200 ग्राम, हरी इलायची (पिसी हुई) एक छोटा चम्मच।

**विधिः** कड़ाही में पूरा कंडेस्ड मिल्क और 300 ग्राम नारियल का बूरा अच्छे से मिक्स करें (50 ग्राम नारियल बूरा गोले रोल करने के लिए अलग बचा कर रखे)। जब मिक्स हो जाए तो धीमी आंच पर लगातार चलाते हुए दो मिनट के लिए इसे गर्म करें। जब मिश्रण ठंडा हो जाए तो इसमें इलायची मिक्स करें और हाथों को थोड़ा सा घी लगाकर इसमे से एक नींबू के बराबर लोई तोड़ें, उसे चपटा करके थोड़ा फैला लें और बीचों-बीच एक छोटा चम्मच गुलकंद रखे। किनारों को आपस में मिलाते हुए इसे गोल-गोल लड्डू की शक्ल दें और बचे हुए नारियल के बूरे में इसे रोल करें। सारे लड्डू इसी तरह बना लें।

## हरियाले मावा परवल

**सामग्री :** परवल 250 ग्राम, मावा 100 ग्राम, पनीर 125 ग्राम, हरा धनिया, कॉर्नफ्लोर, काली मिर्च 1, चावल भीगे और पिसे हुए आधा कटोरी।

**विधि :** मावा भूनकर घी निकाल ठंडा कर लें और मिक्सी में मिक्स कर लें। पनीर को घिस लें। अब पनीर, मावा और परवल के मैटेरियल को मिक्स कर उसमें थोड़ा नींबू रस, कटी हरी मिर्च, नमक, काली मिर्च मिलाकर रख लें। अब परवल में मसाला भरकर आधा घंटा फ्रीज में रख दें। अब थोड़े से कॉर्नफ्लोर में पिसे हुए चावल का घोल और दरदरी काली मिर्च मिलाकर डीप फ्राई कर लें। पेपर नेपकिन में रखकर फैला दें। कटा हुआ हरा धनिया डालकर सर्व करें।



## घेवर

**सामग्रीः** मैदा 3 कप, आइस क्यूब्स 3-4, पानी 4 कप, दूध आधा कप, पीला रंग 1/4 चम्मच, शुद्ध घी 1 किलो, चाशनी के लिए चीनी डेढ़ कप, इलायची पाउडर 1 चम्मच, बादाम (कटे हुए) 1 चम्मच, पिस्ता 1 चम्मच, दूध 1 बड़ा चम्मच, दूध में भिगोया हुआ केसर आधा चम्मच, चांदी का वर्क सजावट के लिए।

**विधिः** सबसे पहले चीनी की चाशनी तैयार करके रख दें। उसके बाद एक बड़े कटोरे में घी डालें, फिर दूध, मैदा और एक कप पानी डाल कर घोल बनाएं। अब थोड़े से पानी में पीला रंग मिला लें और उस पानी को मैदे के घोल में डाल दें, जरूरत के हिसाब से घोल में और अधिक पानी मिलाएं, क्योंकि घोल पतला होना चाहिए। अब स्टील का एक गहरा बर्तन लें इसमें आधे तक घी भर दें और गरम करें। जब घी गरम हो जाए तब 50 एमएल गिलास भर के घोल लें और उसे घी के किनारे-किनारे डालें और बीच में एक छेद बनाएं। घोल डालने के बाद उसे थोड़ा सा समय दें, जिससे वह बैठ जाए, इसके बाद फिर से गिलास भर कर दुबारा वही विधि अपनाएं। जब घेवर एक बार बैठ जाए, तब उसे पकने दें। जब घेवर भूरा होने लगे तो एक करछी को घेवर के बीच के छेद में डालकर सावधानी से निकाल लें। अब इसका अतिरिक्त घी निकल जाने दें और इसे चाशनी में डुबों दें और थोड़ी देर बाद निकाल कर किनारे रख दें, जिससे चाशनी रम जाए, जब यह हल्का ठंडा हो जाए, तब इस पर चांदी का वर्क लगा दें और केसर मिश्रित दूध डालें। कटे हुए मेवे डालकर इलायची पाउडर छिड़क दें। घेवर तैयार है।




प्रत्यूष



# इस माह आपके सितारे




पं. शोभालाल शर्मा



## मेष

कार्य की अधिकता से अनिद्रा-अवसाद संभव है। आय वृद्धि के संकेत मिलेंगे, व्यापार में निवेश से बचना फायदेमंद रहेगा, व्यापार में प्रतिस्वर्द्धा बढ़ेगी, साझा व्यापार में लाभ की उम्मीद कर सकते हैं। परिवार में सामंजस्य का अभाव, प्रबुद्धजन से लाभ की संभावना



## वृषभ

माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें, नये निवेश से बचना हितकर, परिवार में शांति बनाए रखें, धन वृद्धि एवं सुविधाएं बढ़ाने की कोशिश रंग लाएगी। आहार पर विशेष ध्यान दें, उदर संबंधी तकलीफे उभर सकती हैं, विद्यार्थी वर्ग संतुष्ट रहेगा।




## मिथुन

पारिवारिक मनमुटाव, आर्थिक तंगी का अनुभव, नकदी प्रवाह में कमी, कला वर्ग से जुड़े जातकों को सफलता मिलेगी, व्यापार एव नौकरी में पहचान बनाने के लिए कड़ी मेहनता करनीहोगी, स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें। आलस्य को छोड़कर कर्म में विश्वास करें।




## कर्क

राजनीति से जुड़े जातकों के लिए माह उत्तम है, विद्यार्थियों को परिश्रम की आवश्यकता है, परिवारजन पर व्यर्थ में किसी भी बात को लेकर संदेह न करें अन्यथा रिश्तों में दरार संभव, कार्य क्षेत्र में प्रशंसा पाएंगे, क्रोध एवं उत्तेजना से बनते कार्य बिगड़ सकते हैं, कर्म क्षेत्र की स्थिति मध्यम रहेगी।




## सिंह

आशा के विपरित व्यय बढ़ेगा। बिना सोचे-समझे कोई निर्णय न लें। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी, इंफेक्शन, हड्डियों में दर्द एवं हृदय संबंधी परेशानी रहेगी। घरेलू उलझनें बढ़ेंगी। शासकी एवं न्यायिक कार्यों में प्रगति होगी। मुकदमों के पक्ष में रहने से लाभ की स्थिति बनेगी।



## कन्या

व्यावसायिक क्षेत्र में संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। आय पक्ष मजबूत होगा, वाहन व अन्य भौतिक सुविधाओं पर खर्च की अधिकता रहेगी, शारीरिक एवं मानसिक चिंता, भाग्य में अड़चनें, संतान पक्ष से शुभ समाचार, यात्रा योग बनेगा।



## तुला

माह का उत्तरार्द्ध अनुकूल है, विपरीत परिस्थितियों में भी आकस्मिक लाभ का योग लेकिन अप्रत्याशित खर्च बढ़ेगा। स्वास्थ्य नरम, क्रोध की अधिकता एवं उत्तेजना से बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। कार्य क्षेत्र में अपनी प्रतिभा के बल पर सम्मान एवं प्रशंसा प्राप्त करेंगे। स्थाई कार्यों में मन लगेगा।

## माह के प्रमुख उत्सव

| दिनांक | तिथि | पर्व/त्योहार |
|---|---|---|
| 1 अगस्त | श्रावण कृष्णा अष्टमी | बाल गंगाधर पुण्यतिथि |
| 2 अगस्त | श्रावण कृष्णा नवमी | गुरु हरिकिशन जयंती |
| 3 अगस्त | श्रावण कृष्णा दशमी | श्रीनाथजी हांडी उत्सव, नाथद्वारा |
| 8 अगस्त | श्रावण कृष्णा अमावस्या | हरियाली अमावस्या |
| 9 अगस्त | श्रावण शुक्ल प्रतिपदा | विश्व आदिवासी दिवस/क्रांति दिवस |
| 15 अगस्त | श्रावण शुक्ल सप्तमी | स्वतंत्रता दिवस/तुलसी जयंती |
| 19 अगस्त | श्रावण शुक्ल द्वादशी | मोहर्रम |
| 20 अगस्त | श्रावण शुक्ल त्रयोदशी | राजीव गांधी जयंती |
| 22 अगस्त | श्रावण शुक्ल पूर्णिमा | रक्षाबंधन |
| 29 अगस्त | भाद्रपद कृष्णा प्रतिपदा | राष्ट्रीय खेल दिवस |
| 30 अगस्त | भाद्रपद कृष्णा अष्टमी | श्री कृष्ण जन्माष्टमी |
| 31 अगस्त | भाद्रपद कृष्णा नवमी | श्री नंद महोत्सव |




## वृश्चिक

व्यवसाय में अपेक्षित वृद्धि होगी, पिता-पुत्र में मनमुटाव की स्थिति बनेगी, पुरुषार्थ से भाग्य में वृद्धि, माह के उत्तरार्द्ध में भूमि वाहन आदि क्रय-विक्रय के योग बनेंगे। परिवार में मांगलिक कार्य होंगे। स्वास्थ्य सामान्यतः ठीक रहेगा।




## धनु

मन में अशांति एवं असंतुष्टता रहेगी, पिता-पुत्र में मतभेद एवं संतान संबंधी चिंता, निर्वाह योग्य आय के साधन रहेंगे। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी, नौकरी को लेकर पूर्ण सावधानी बरतें। नौकरीमें परिवर्तन संभव। मानसिक उलझनें रहेगी, सत्यनिष्ठा से कार्य संपादन करें।



## मकर

मानसिक तनाव एवं स्वास्थ्य में गिरावट, सिरदर्द, आंखों में कष्ट की संभावना। आकस्मिक खर्च भी बढ़ेगा, आत्मिक कष्ट संभव, नौकरी एवं व्यवसाय को लेकर परेशानी आ सकती हैं, प्रत्येक कार्य में विलम्ब की संभावना, साझेदारी कार्य में लाभ मिलेगा।



## कुम्भ

अनेक परेशानियों के बाद भी धन, लाभ एवं उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे, शुभ कार्यों पर धन खर्च होगा, पारिवारिक सदस्यों के साथ मतांतर संभव है, भाई-बहनों का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा, भूमि संबंधी कार्यों में लाभ मिलेगा। स्थान परिवर्तन के योग बनेंगे, क्रोध एवं उत्तेजना पर नियंत्रण रखे, संतान पक्ष से चिंता रहेगी।



## मीन

यह माह कार्य क्षेत्र में अत्यधिक दौड़-धूप कराएगा, धन-लाभ के साथ-साथ खर्च की अधिकता रहेगी। धर्म-कर्म में रूझान बढ़ेगा एवं शुभ कार्य संपन्न होंगे। अपनी मेहनत से भाग्य निर्माण करने में सक्षम होंगे, स्वास्थ्य संबंधी परेशानी के साथ-साथ व्यवसाय में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता हैं।




## निगम में 12 पार्षद मनोनीत



**उदयपुर।** नगर निगम में राजनीतिक नियुक्तियों के तहत राज्य सरकार ने 12 पार्षदों को मनोनीत किया है। अब भाजपा के बोर्ड में विपक्ष के रूप में कांग्रेस और मजबूत हुई है लेकिन अभी निगम में इन पार्षदों के कप्तान नेता प्रतिपक्ष के नाम पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मुहर नहीं लगाई है।

स्वायत्त शासन विभाग ने उदयपुर नगर निगम में राजेश चौहान(दिव्यांग), बतुल हबीब, फिरोज अहमद शेख, गोपाल राय नागर, विनोद जैन, अजय पोरवाल, शैलेष मिश्रा, संजय सुथार, मदन सिंह बाबरवाल, संजय मंदवानी, रविन्द्रपाल सिंह कप्पू व प्रमोद मेनारिया को मनेनीत किया गया है। अब निगम में कांग्रेस पार्षदों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है। जबकि भाजपा के 44 पार्षद हैं। 70 वार्डों के निगम में 12 मनोनीत पार्षदों को मिलाकर कुल पार्षदों की संख्या 82 हो गई है। मनोनीत पार्षदों को एसडीएम गिर्वा अपर्णा गुप्ता द्वारा शपथ दिलाने के बाद निगम आयुक्त हिम्मत सिंह बारहठ ने पदभार संभलवाया।

## समिधा संस्थान में पौधरोपण



**मावली।** समिधा संस्थान परिसर में अ.भा. क्षत्रिय महासभा मेवाड़ के सहयोग से राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत के मुख्य आतिथ्य में गत दिनों पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक चन्द्रगुप्त सिंह चौहान, डॉ. हेमशंकर दाधीच, पुलिस थानाधिकारी, उदयसिंह चूण्डावत, शक्ति सिंह कारोही, यादवेन्द्र सिंह रलावता, भानुप्रताप सिंह कृष्णावत, रणवीर सिंह जोलावास, हितेश कुमावत, माया बेन, डिम्पल राठौड़, डॉ. घनश्याम सिंह भीण्डर, कृष्णकांत कुमावत, मनोज शर्मा, विक्रम सिंह चन्देला, जितेन्द्र सिंह गौड़ ने पौधे लगाए। सारंगदेवोत ने संस्थान के बालकों को भी सम्बोधित किया।

## किरण को पीएचडी



**उदयपुर।** सीडब्ल्यूसी सदस्य एवं पूर्व सांसद रघुवीर सिंह मीणा की पुत्री किरण मीणा को विरासत संरक्षण एवं सतत् विकास जनजाति अनुसूचित क्षेत्र के गढ़ी, सलूम्बर एवं सागवाड़ा कस्बों के तुलनात्मक अध्ययन विषय पर मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने प्रो. पी. आर. व्यास के निर्देशन में यह शोध किया।

## गोगुन्दा में पौधरोपण

**उदयपुर।** कृष्णा कल्याण संस्थान के तत्वावधान में गोगुन्दा ग्राम पंचायत व पंचायत समिति क्षेत्र में पिछले दिनों विभिन्न गांवों में 5 हजार फलदार, औषधीय, छायादार व सजावटी पौधों का रोपण-वितरण किया गया। संस्थापिका माया बहन ने बताया कि किसानों व स्थानीय बाशिंदों को तुलसी के पौधे भी दिए गए। पौधरोपण कार्यक्रम में गोगुन्दा के पूर्व सरपंच करण सिंह झाला, वर्तमान उपसरपंच लालकृष्ण सोनी व संस्थान अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह थाना ने लोगों से व्यापक स्तर पर पौधे लगाने व उनकी सुरक्षा का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में सुरेश लोहार, भरत सोनी, भूपेन्द्र मेघवाल, धैर्य सोनी, मोहित लोहार, ओम सिंह ने भी पौधरोपण किया।




## देविक ने किया प्रतिनिधित्व



**उदयपुर।** एशिया पेसिफिक रीजन यूथ इंगेजमेंट फोकस ग्रुप के ऑनलाइन इंटरव्यू में भारत स्काउट संगठन राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली की तरफ से उदयपुर के महाराणा मेवाड़ पब्लिक स्कूल(एमएमपीएस) के स्काउट देविक शर्मा पुत्र आसुतोष शर्मा ने भारत का प्रतिनिधित्व कर उदयपुर का गौरव बढ़ाया। सीओ स्काउट सुरेन्द्र कुमार पांडे ने बताया कि फोकस ग्रुप स्काउट द्वारा 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के लिए ऑनलाइन इंटरव्यू हुआ, इसमें राज्य पुरस्कार और राष्ट्रपति अवार्ड स्काउट प्रशिक्षण प्राप्त स्काउट दैविक ने भारत का प्रतिनिधित्व किया।

## निर्देशिका का विमोचन

**उदयपुर।** ऋषि शृंग सेवा संस्थान में सुखवाल समाज निर्देशिका का विमोचन किया गया। संरक्षक मण्डल के शांति प्रकाश सुखवाल, पी एल सुखवाल, मधुसूदन पण्ड्या, कन्हैयालाल सुखवाल, भगवती लाल सुखवाल, गोपीलाल शर्मा, कृष्ण चन्द्र पाण्डे, दुर्गेश शर्मा आदि उपस्थित रहे। निर्देशिका में सभी 391 परिवारों के सदस्यों की उम्र, शिक्षा, मोबाइल नंबर का समावेश किया गया।



## स्कूल विकास पर मंथन



**उदयपुर।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम धानमण्डी विकास समिति की बैठक कार्यवाहक प्रधानाध्यापिका रेखा मेहता की अध्यक्षता में हुई। समिति सदस्य उपमहापौर पारस सिंघवी, महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के संयोजक पंकज कुमार शर्मा, मनोनीत पार्षद फिरोज अहमद शेख, राकेश जैन, दीपक वसीटा, आदि ने विचार रखे। बैठक में प्रधानाध्यापिका ने विद्यालय विकास से सम्बन्धित योजनाओं की विस्तार से चर्चा की।

## सूक्ष्म पुस्तिका का विमोचन



**उदयपुर।** जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ की ओर से कुलपति प्रो. एस. एस. सारंगदेवोत के पुन: कुलपति पद पर आगामी पांच वर्षों के लिए चयन होने पर चन्द्र प्रकाश चित्तौड़ा द्वारा सूक्ष्म पुस्तिका बनाई गई। इसका विमोचन कुलपति प्रो. एस. एस. सारंगदेवोत, कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर, रजिस्ट्रार डॉ. हेमशंकर दाधीच, डॉ. हरीश शर्मा, डॉ. धर्मेन्द्र राजौरा, डॉ. कौशल नागदा ने किया।

## बेस्ट चैप्टर अवार्ड से नवाजा

**उदयपुर।** शहर में अतीत की याद दिलाने वाले पुरा महत्व के कई पर्यटन स्थल हैं जहां लाखों देशी-विदेशी पर्यटक आते हैं। इन स्थलों को को इंटैक द्वारा यूनेस्को विश्व धरोहर में शामिल कराने के प्रयास किए जाएंगे। यह निर्णय भारतीय सांस्कृतिक निधि(इंटैक) उदयपुर चैप्टर के संयोजक डॉ. बी. पी. भटनागर की अध्यक्षता में साधारण सभा की वर्चुअल बैठक में किया गया।



**पांडेय चेप्टर संयोजक:** इंटैक दिल्ली मुख्यालय ने उदयपुर चैप्टर को उत्तम शैक्षिक गतिविधियों पर 2020-21 के लिए बेस्ट चैप्टर अवार्ड एवं पांच हजार रुपए के पुरस्कार से नवाजा। पुरावेत्ता प्रो. ललित पांडेय को नया संयोजक नियुक्त किया गया। साहसंयोजक गौरव सिंघवी ने धन्यवाद दिया।

## सुषमा अध्यक्ष, अर्चना सचिव

**उदयपुर।** रोटरी क्लब उदयपुर मीरा के वार्षिक अधिवेशन में अध्यक्ष पद पर सुषमा कुमावत एवं सचिव पद पर अर्चना व्यास को मनोनीत किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष विजयलक्ष्मी गलूंडिया ने बताया कि रोटरी क्लब मीरा विश्व का सबसे बड़ा रोटरी महिला क्लब है।




## मेहता रहे 59वें स्थान पर

**उदयपुर।** महावीर चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित पुस्तक भारत के चमकते सितारे में आर सी मेहता ने देश में 59वें स्थान पर जगह बनाई है। इस पुस्क में देश में रह रहे जैन समाज की 108 सफल, सेवा भावी विभूतियों के योगदान, उनकी विशिष्ट उपलब्धियां और जीवन परिचय को प्रकाशित किया गया है। समाजसेवियों में उदयपुर के मेहता को 59वां स्थान दिया गया है।



## नागदा बने पीठ स्थविर



**उदयपुर।** जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय एवं कुल की ओर से डॉ. कौशल नागदा के पीठ स्थविर पद पर निर्वाचित होने पर कुल प्रमुख भंवरलाल गुर्जर ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। गुर्जर ने बताया कि यह संवैधानिक पद कार्यकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करता है। इस मौके पर कुलपति प्रो. एस. एस. सारंगदेवोत, रजिस्ट्रार डॉ. हेमशंकर दाधीच, डॉ. भवानीपाल सिंह, सहायक कुल सचिव डॉ. आशीष नन्दवाना, डॉ. धर्मेन्द्र राजोरा आदि भी उपस्थित थे।

## वाहन चालकों ने दिया ज्ञापन

**उदयपुर।** वन एवं पर्यावरण मंत्री सुखराम विश्नोई के उदयपुर आगमन पर वन विभाग चालक संघ के मुख्य संरक्षक धूल सिंह चुंडावत, महामंत्री अजीत सिंह पाटिया, उपाध्यक्ष प्रवेश चौबीसा, जगदीश नेहरा सलाहकार, रणजीत आर्य, अशोक नारायण जोशी, ओंकारलाल, भेरूलाल बावरी, कालू सिंह, चैन सिंह आदि ने ज्ञापन सौंपकर 2400 ग्रेड पे से 2800 ग्रेड पे की मांग की।

## अमर गिरी बने महंत

उदयपुर। श्री निरंजनी बालाजी हनुमान मंदिर, निरंजनी अखाड़ा सूरजपोल के महंत सुरेश गिरी के निधन के बाद विभिन्न स्थानों से आए संतों की उपस्थिति में सुरेश गिरी के शिष्य अमर गिरी को मंदिर की महंताई प्रदान करते हुए चादर विधि सम्पन्न की गई।



## प्रदेश युवा कांग्रेस में मनोनयन

**जयपुर।** भारतीय युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश घोघरा ने केलवा(राजसमंद) निवासी मुकेश भार्गव व उदयपुर के माहिन खान मेकश को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। उदयपुर के वैभव उपाध्याय व रोहित पालीवाल को भी प्रदेश सचिव बनाया गया है।






## चैनपुरा खदान जन सुनवाई



**चित्तौड़गढ़।** जे. के. सीमेंट वर्क्स की प्रस्तावित नयागांव और चैनपुरा चूना पत्थर खदान के खनन पट्टा व क्रेशर की स्थापना को लेकर गत दिनों जन सुनवाई सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता अति. जिला कलेक्टर सुनीलराज नायर ने की। सुनवाई में मप्र राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी एच. के. तिवारी, खदान अधिकारी सुश्री देविका परमार, कम्पनी के वरिष्ठ महाप्रबंधक(पर्यावरण) अनिल जैन, खदान हेड मनीष तोषनीवाल, सीएसआर प्रबंधक शैलेष चौबीसा, टेक्निकल हेड जयन्त मल्होत्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## सज्जन कटारा स्मार्ट सिटी बोर्ड में निदेशक



**उदयपुर।** राज्य सरकार ने उदयपुर स्मार्ट सिटी कंपनी में निदेशक के रूप में सज्जन कटारा को नियुक्त किया है। कटारा को स्वतंत्र निदेशक बनाया गया है। कटारा उदयपुर ग्रामीण से पहले विधायक भी रह चुकी हैं और अभी गिर्वा प्रधान हैं। कटारा को स्मार्ट सिटी में निदेशक बनाने पर अखिल भरतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य विवेक कटारा, पार्षद शैलेष मिश्रा, विमल भादविया, ब्लॉक अध्यक्ष गिर्वा ओनार सिंह सिसोदिया, किशन डांगी, विष्णु पटेल आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की।

## गार्गी का पहले ही प्रयास में हुआ चयन



**उदयपुर।** शहर की गार्गी शर्मा ने पहले प्रयास में ही आरएएस परीक्षा 2018 में राज्य में 142वां स्थान प्राप्त कर उदयपुर का मान बढ़ाया। केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2 में पढ़ी गार्गी के पिता डॉ. श्रीराम शर्मा मदन मोहन मालवीय आयुर्वेद महाविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर एवं प्रभारी राजकीय अनुसंधान केन्द्र उदयपुर व माता डॉ. अंतिम शर्मा बीएड कॉलेज में प्राचार्य है।

## डॉ. सामर राज्य स्तर पर पुरस्कृत



**उदयपुर।** पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज उमरड़ा के सर्जन डॉ. एस. के. सामर को परिवार कल्याण के क्षेत्र में वर्ष 2020-21 में उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य मिशन परिवार विकास के तहत प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय विश्व जनसंख्या दिवस समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।


## पंचोली इंटक जिलाध्यक्ष



**राजसमंद।** इंटक प्रदेश अध्यक्ष जगदीश राज श्रीमाली के अनुमोदन पर जेके टायर एम्पलाईज यूनियन(इंटक) जिला कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर चुन्नीलाल पंचोली एवं महामंत्री पद पर किशनसिंह कितावत को मनोनीत किया गया है।



# उदयपुर क्षेत्र : संवेदना



सार्वजनिक निर्माण विभाग के पूर्व अधीक्षण अभियन्ता श्री के. एस. माथुर साहब का 9 जुलाई को देहान्त हो गया। वे अपने पीछे शोक विह्वल पुत्र अनित माथुर (अधिशाषी अभियन्ता नगर विकास प्रन्यास), पुत्री श्रीमती अनुराधा सहित भाई-भतीजों एवं पौत्र-पौत्रियों का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



युवा उद्यमी श्री सुशील जी गोदावत (चेतना मेडिकल्स) का 20 जून को आकस्मिक देहावसान हो गया। वे 52 वर्ष के थे। वे अपने पीछे शोक सन्तप्त धर्मपत्नी श्रीमती सीमा, पुत्र ध्रुव गोदावत व पुत्रियां शिखा व साक्षी सहित भाई-भतीजों का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।



श्री गुमानीलाल जी लोढ़ा (लोढ़ा गारमेंट्स) का 6 जुलाई को आकस्मिक स्वर्गवास हो गया। वे अपने पीछे व्यथित हृदय धर्मपत्नी श्रीमती सुंदर देवी, पुत्र ललित व राजेन्द्र लोढ़ा तथा पुत्रियां इन्द्रा जैन एवं सरोज बापना सहित भाई-भतीजों, पौत्र-पौत्रियों, दोहित्र-दोहित्रियों का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।




कलानुरागी एवं 'मंगलम् आर्ट्स' के संस्थापक श्री कृष्ण कुमार जी रावत का 17 जून को देहावसान हो गया। वे अपने पीछे शोक सन्तप्त धर्मपत्नी श्रीमती राधा देवी, पुत्र राजीव, कौशल, जय व कानू रावत तथा पुत्रियां आरती, प्रीति, ऋतु व राधिका सहित भाई-भतीजों, पौत्र-पौत्रियों व दोहित्र-दोहित्रियों का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



कांग्रेस नेता श्री हरिवल्लभ जी शर्मा का 7 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे शोकाकुल धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला, पुत्र डॉ. रिपुदमन, पौत्र यक्ष व बहन पुष्पा शर्मा सहित समृद्ध व सम्पन्न परिवार छोड़ गए हैं।



श्रीमती तिलक महता धर्मपत्नी स्व. भवदत्त जी महता का 2 जुलाई को स्वर्गवास हो गया। वे अपने पीछे शोक सन्तप्त पुत्र अनिल मेहता, पुत्रियां सविता शर्मा व निशा रावल व उनका समृद्ध परिवार छोड़ गई हैं। वे धर्मपरायण महिला थीं।



श्री गणेशलाल जी बण्डेला का 28 जून को देहावसान हो गया। वे अपने पीछे पुत्र रमेश, जितेन्द्र व पुत्रियां शीला देवी, सन्तोष देवी सहित समृद्ध एवं सम्पन्न परिवार छोड़ गए हैं।



श्री माणिक आर्य (पूर्व उपमहानिदेशक, आकाशवाणी-उदयपुर) का 21 जून, को आकस्मिक देहावसान हो गया। वे अपने पीछे व्यथित हृदय धर्मपत्नी श्रीमती आशा आर्य, पुत्र सौरभ, पुत्रियां कामिनी व दामिनी सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे 67 वर्ष के थे।



श्रीलाल जी सुथार, कुराबड़ वाला का 22 जून को निधन हो गया। वे अपने पीछे शोकाकुल पुत्र रामलाल, भंवरलाल, रतनलाल, भरत, राधेश्याम, बाबूलाल व पुत्रियां सोहिनी देवी, मनु देवी, शांता, पुष्पा, धनु बाई व भगवती देवी सहित पौत्र-पौत्रियों व दोहित्र-दोहित्रियों का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



गायत्री साधिका श्रीमती पुष्पा जी पानेरी धर्मपत्नी श्री ललित पानेरी का 9 जुलाई को देहावसान हो गया। वे अपने पीछे व्यथित हृदय पति सहित पुत्र राहुल, वैभव (राहुल इंजीनियर्स लैबोरेट्री, उदयपुर) एवं जेठ-जिठानियां, ननद-ननदोई, पौत्रादि का भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं।



श्रीमती सुमन मिश्रा धर्मपत्नी श्री प्रहलादचन्द्र जी मिश्रा का 27 मई 2021 को आकस्मिक देहावसान हो गया। वे अपने पीछे शोकाकुल पति, पुत्र मयंक व शैलेष मिश्रा, पुत्री चॉनी शर्मा सहित पौत्र-पौत्रियों व दोहित्र-दोहित्रियों का सम्पन्न परिवार छोड़ गई हैं।



समाज सेविका श्रीमती मोहिनी देवी बक्षी का 10 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे शोक सन्तप्त पुत्र डॉ. संदीप व हरदीप बक्षी (सिडलिंग स्कूल) व पौत्र-पौत्रियों का समृद्ध परिवार छोड़ गई हैं।



नगर विकास प्रन्यास के पूर्व ट्रस्टी श्री कन्हैयालालजी समदानी का 20 मई को आकस्मिक देहावसान हो गया। वे अपने पीछे शोकाकुल पत्नी श्रीमती ऋतु व पुत्र पार्थ समदानी तथा भाई-भतीजों का विशाल परिवार छोड़ गए हैं।



श्री अंकित जी जैन (सुपुत्र श्री अरुण जी जैन-उषा जी जैन) का असामयिक देहावसान 19 मई को हो गया वे अपने पीछे शोकाकुल माता-पिता, धर्मपत्नी श्रीमती शायल एवं चाचा-चाची, भाई-बहिनों व भांजा-भांजियों का विशाल परिवार छोड़ गए है।




डॉ. पायल दोशी (45) का 16 अप्रेल को आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे शोकाकुल माता-पिता मधुदेवी-देवेन्द्रजी, पति हेमंत दोशी पुत्र परी व पुत्र लक्ष्य सहित पीहर व ससुराल में भरापूरा परिवार छोड़ गई है।



श्री सैनिक जोशी (रोशनलाल शर्मा पब्लिक स्कूल) का 8 मई को देहांत हो गया। वे अपने पीछे शोकाकुल माता स्नेहलता जी, पत्नी मंजूलता पुत्र स्वाधीन, समाधान व तत्काल तथा भरपूरा परिवार छोड़ गए हैं।



श्रीमती मंजू पुरोहित धर्मपत्नी श्री बी.एस. पुरोहित गुड़ला का 25 मई को असामयिक निधन हो गया। अर्चना अगरबत्ती इंडस्ट्रीज के संस्थान रूपशंकरजी पालीवाल की पुत्री के निधन पर इण्डस्ट्री व परिवार के सदस्यों ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है।




डॉ. जीवनसिंह जी बोर्दिया का आकस्मिक स्वर्गवास 10 मई को हुआ। वे अपने पीछे शोकाकुल धर्मपत्नी श्रीमती यवंती, पुत्र विनोद बोर्दिया, पुत्री मीना मेहता समेत भाई-भतीजों व बहिनों का समृद्ध व संपन्न परिवार छोड़ गए है।



श्री रमेश मेहता का 3 मई को स्वर्गवास हुआ। वे अपने पीछे व्यथित हृदय धर्मपत्नी श्रीमती सुनंदा मेहता, पुत्र रूपेश, रोहन, पुत्री ट्वीटी, पौत्र-पौत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए है।



श्री विकास जी बोल्या का 3 मई को आकस्मिक स्वर्गवास हो गया। वे अपने पीछे विरह में व्यथित माता-पिता श्रीमती विमला-हिम्मतजी बोल्या, पत्नी हेमलता देवी पुत्र प्रणय व भवि तथा भाई-भतीजों का विशाल परिवार छोड़ गए है।



पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी और जिला संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री सुशील जी चौर्डिया का 5 जुलाई को आकस्मिक देहावसान हो गया। जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष कमल भंडारी, ललित मेहता, सुधीर बक्षी, उमेश मनवानी, वीरेन्द्र डांगी, राजेन्द्र गलुण्डिया, सुरेन्द्र नाहर, योगेश पोखरना सहित अन्य पदाधिकारियों व खिलाड़ियों ने उनके निधन को बैडमिंटन खेल की बड़ी क्षति बताया। श्री चौर्डिया अपने पीछे व्यथित हृदय धर्मपत्नी श्रीमती मीना, पुत्री सांगरिका, नन्दिनी व पुत्र देव सहित भाई-भतीजों का समृद्ध परिवार छोड़ गए हैं।



शिक्षक नेता एवं शहर जिला कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष श्री चम्पालालजी पालीवाल का 11 जुलाई को देहावसान हो गया। उनके निधन पर डॉ. गिरिजा व्यास, डॉ. सी. पी. जोशी, रघुवीर सिंह मीणा, बाबूलाल जैन, पंकज शर्मा, दिनेश श्रीमाली, वीरेन्द्र वैष्णव, सुधीर जोशी ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है। वे अपने पीछे पुत्र ललित, गजेन्द्र व मनोज तथा पुत्री बीना और कामिनी सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



जिनधर्म में उत्कृष्ट श्रावकचर्या का पालन करने वाले तपस्वी रत्न श्री सोहनलाल जी मालवी का 9 जुलाई को स्वर्गारोहण हो गया। वे अपने पीछे शोक सन्तप्त पुत्र के शूलाल, हीरालाल, निर्मलकुमार व शांतिलाल, पुत्रियां कंचन देवी कोठारी, कांता देवी मुण्डलिया तथा भाई-भतीजों, पौत्र-पौत्रियों व दोहित्र-दोहित्रियों का समृद्ध व सम्पन्न परिवार छोड़ गए हैं।



समाजसेवी स्व. राजनाथजी सिंघल के पुत्र विरेशजी सिंघल का 15 मई को आकस्मिक निधन हो गया। वे 63 वर्ष के थे। सामाजिक कार्यों में अपने पिता की तरह संलग्न विरेशजी के निधन पर अनेक सामाजिक संगठनों ने दु:ख प्रकट किया है। वे अपने पीछे शोकाकुल धर्मपत्नी श्रीमती नीलम, पुत्र प्रतीक सिंघवी, पुत्री प्राची गोयल सहित संपन्न व समृद्ध परिवार छोड़ गए है।

# Happy Independence Day

**Lakxmikant Vaishnav**
**Director**

*We are Leading Manufacture and Supplier of*
*Minerals and Industrial Fillers*

*We serve Paint Industry, Paper Industry, Cosmetics and Plastics*





**M/s Colorex,** Udaipur (Raj)

**Rajasthan Clay,** Sojay (Raj)

**Rama Microns Pvt Ltd,** Alwar (Raj)

**Rudraksh Microns Pvt Ltd,** Mysore (Karnataka) .......And More

- *Calcite Powder*
- *Dolomite Powder*
- *Talc / Soapstone Powder*
- *Mica Powder*
- *Silica Sand Powder*
- *China Clay Powder*
- *Barytes Powder*
- *Quartz Powder*
- *Color Sand Powder*
- *Feldspar Powder*






# Rashtriya Chemicals & Minerals

**101 & 201, Anand Plaza Complex, University Road, Aayad,**
**Udaipur - 313001 (Raj) Mob.: 9929099536**
**E-mail: lk.vaishnav@rediffmail.com www.rcmminerals.com**

# अलख नयन

## आई हॉस्पिटल
उदयपुर




विश्वस्तरीय
सम्पूर्ण नेत्र चिकित्सा सेवाएं

**मॉडयूलर ऑपरेशन थिएटर में कोविड–19 की दृष्टि से सभी सावधानियों के साथ सम्पूर्ण सेवाएं**

## अत्याधुनिक जर्मन टेक्नोलॉजी ZEISS लेसिक लेजर द्वारा चश्में व कॉन्टेक्ट लेंस से छुटकारा

- Lasik
- Lasek
- Epi-lasik
- ICL
- PTK

चश्में हटाने की सभी टेक्नोलॉजी उपलब्ध ( –1 से –20 ) तक के नम्बर से छुटकारा



## अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन

हाईड्रोफोबिक ट्राईफोकल, मल्टीफोकल, टोरीक फोल्डेबल लेन्सेंस की सुविधा

सेन्चुरीयस फेको मशीन USA द्वारा माइक्रोइसिजन ऑपरेशन की सुविधा



- बिना टांके
- बिना इंजेक्शन
- बिना चीरा
- बिना पट्टी

उत्तम दृष्टि सबके लिए

24/7 Emergency Services

Quality Vision to all

State-of-the-Art Eye Care Institute

'अलख हिल्स', प्रताप नगर ऐक्सटेंशन, एयरपोर्ट रोड, उदयपुर
0294-2490970, 71, 72, 9772204624
e-mail : info@alakhnayanmandir.org, Website : www.alakhnayanmandir.org



With best Compliments..."
Saras
UDAIPUR DUGDH UTPADAK SAHAKARI SANGH LTD.
Goverdhan Vilas, Ahmedabad Road, Udaipur (Raj.) 313001
(ISO 9001, 22000 & HACCP CERTIFIED ORGANIZATION)
Umesh Garg
Managing Director
ताज़गी का अहसास...
सरस के साथ...
pure ghee
1st in Dairy Cooperative Sector in India
License for packed pouch milk
सरस बूथ / शॉप एजेन्सी / पार्लर खोलने व मोबाईल वेन लगाने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।
सम्पर्क करें - 0294-2646188, 0294-2941773

# कैंसर एक जंग है,

## जिसे समझदारी से जीता जा सकता है...

GMCH
GEETANJALI HOSPITAL



- मेडिकल ऑन्कोलोजी
- सर्जिकल ऑन्कोलोजी
- रेडीयेशन ऑन्कोलोजी
- पैलिएटिव मेडिसिन एंड सपोर्टिव केयर यूनिट

# गीतांजली कैंसर सेन्टर, उदयपुर

## गीतांजली कैंसर सेन्टर के अनुभवी विशेषज्ञों की टीम

- **2** मेडिकल ऑन्कोलोजिस्ट एण्ड हैमेटोलोजिस्ट
- **2** सर्जिकल ऑन्कोलोजिस्ट
- **1** क्लिनिकल हेमेटोलोजिस्ट
- **3** रेडियेशन ऑन्कोलोजिस्ट
- **2** एनेस्थिसियोलोजिस्ट एवं पेन एंड पैलिएटिव केयर

- सभी प्रकार के कैंसर रोगों का इलाज एक ही छत के नीचे
- आधुनिक तकनीकों से कैंसर का उपचार
- अनुभवी और कुशल डॉक्टर्स की टीम
- किफायती दामों पर कैंसर का उपचार

| अब तक के लाभार्थी: | 41,587+ | 3,862+ | 2,43,000+ | 1050+ | 270+ |
|---|---|---|---|---|---|
| | किमोथेरेपी | सर्जरी | रेडियोथेरेपी | ब्रेकियेरेपी | रेडियोसर्जरी |

अत्याधुनिक रेडीयेशन सुविधाएं | डे-केयर यूनिट एवं किमोथेरेपी | रेडियो सर्जरी
कैंसर हेतु ऑपरेशन सुविधाएं | ब्रेकीथेरेपी | 4-D सीटी स्केनर | 4-D वर्कस्टेशन

**ट्यूमर बोर्ड TUMOR BOARD**

इस बोर्ड के अन्तर्गत कैंसर की चार शाखाएं प्रत्येक कैंसर ट्यूमर का समन्वित एवं योजनाबद्ध तरीके से उपचार सुनिश्चित करती है।



Linear Accelerator Elekta Vera HD
SRS, SBRT, IGRT, VMAT, IMRT, 3D CRT


**गीतांजली मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल**
नेशनल हाईवे-8 बायपास, एकलिंगपुरा चौराहा के पास, उदयपुर (राज.)
+91 978 459 6209
+91 294 250 0044


AB-MGRSBY, चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, ESIC, ECHS, HZL, SBI, FCI, BSNL, AAI, RSMM, North Western Railway, Ajmer एवं सभी महत्वपूर्ण कॉर्पोरेट्स, टी.पी.ए. (TPA) व इन्श्योरेन्स से अधिकृत है